26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 19 मई, 2026

अंक- 204 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# पेट्रोल-डीजल फिर हुआ महंगा

## क्या इस बार चलेगा 90 पैसे वाला फॉर्मूला? 2022 में 13 बार बढ़े थे दाम

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पेट्रोल-डीजल फिर महंगा हुआ है। महज पांच दिन में तेल कंपनियों ने लगातार दूसरी बार झटका दिया है। इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में जारी उबाल ने एक बार फिर से देश की आम जनता की जेब का बोझ बढ़ाया है। हालांकि, ईंधन की कीमतों में इजाफा इस बार कम है और इनकी कीमत करीब 90 पैसे प्रति लीटर बढ़ाई गई है और नई कीमतें आज से लागू हो गई हैं। फ्यूल प्राइस में एक के बाद एक बढ़ोतरी से 2022 वाला वो दौर लौटता दिख रहा है, जब लगभग 15 दिन रोजाना लगातार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में थोड़ी-थोड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली थी। सबसे पहले बात करते हैं देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हुई ताजा बढ़ोतरी के बारे में, तो दिल्ली से मुंबई तक ईंधन की कीमत आज से और बढ़ गई है।


## महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज





मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234


# 25 मई से 2 जून तक नौतपा

## इस समय पड़ती है भयानक गर्मी

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर भारत में इस साल गर्मी 25 मई से 2 जून तक चरम पर रहेगी। इस समय को नौतपा के नाम से जाना जाता है। हर साल नौतपा की तारीख बदलती रहती है। इन नौ दिनों में सूरज इतना तेज चमकता है कि दिन के समय सड़कें भट्ठी की तरह तपती हैं। रात में भी उमस से नींद नहीं आती। मौसम विभाग भी इन दिनों में हीटवेव की चेतावनी जारी करता है, लेकिन आखिर यह नौतपा होता क्यों है? इसके पीछे क्या वैज्ञानिक कारण हैं? नौतपा शब्द संस्कृत के दो शब्दों 'नव' और 'तप' से मिलकर बना है, जिसका मतलब होता है- नौ दिन की तपिश। यह उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश और दिल्ली जैसे इलाकों में प्रचलित एक पारंपरिक शब्द है। इन दिनों में तापमान अक्सर 42 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। सिर्फ गर्मी ही नहीं, बल्कि हवा में नमी (उमस) भी बढ़ जाती है, जिससे शरीर का पसीना सूखता नहीं और गर्मी और भी असहनीय हो जाती है।





खुशखबरी! खुशखबरी!

## स्पेशल ईद ऑफर

A Complete House of Interior

Ravi Interiors™

WALLPAPER HUB

ईद के मुबारक त्यौहार पर रवि इंटीरियर्स आपके सपनों के घर को सस्ते में सजाने का आकर्षक ऑफर लाया है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. P.V.C. CEILING PANEL | - | 140/- |
| 2. P.V.C. SUPER HEAVY | - | 170/- |
| 3. U.V. ROLL 10x4 F.T. | - | 480/- |
| 4. BLACK LINE FLUTED PANEL 10" | - | 240/- |
| 5. GOLD LINE FLUTED PANEL 12" | - | 350 |
| 6. W.P.C. PANEL 17 M.M. | - | 340/- |
| 7. U.V. SHEET 5D. | - | 2850/- |
| 8. U.V. SHEET 3D. | - | 2350/- |
| 9. U.V. SHEET DIGITAL | - | 2000/- |

* ऑफर 21 मई 2026 से ईद तक लागू!

पता- निकट सेंट मैरी स्कूल, देव हॉस्पिटल के सामने, नजीबाबाद रोड, बिजनौर (उ.प्र.)

मो. 7341126925, 7341126926





# ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग

## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा

**हल्दौर ( चिंगारी )**। अखिल भारतीय प्रधान संगठन (रजि.) की अगुवाई में ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाये जाने के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को दिया। सोमवार को डबाकरा हॉल में संगठन के बैनर तले ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों की एक बैठक हुई, जिसमें संगठन के जिला अध्यक्ष सचिन कुमार मलिक ने कहा की पंचायत चुनाव समय पर न होने की स्थिति में प्रशासक नियुक्त करने की बजाय सरकार को ग्राम प्रधानों का कार्यकाल ही बढ़ाया जाना चाहिए। बैठक के उपरांत उपस्थित ग्राम प्रधानों ने जिलाध्यक्ष सचिन कुमार मलिक की अगुवाई में खंड विकास अधिकारी सीपी पाण्डे को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया, जिसमें कहा गया कि हम सभी ग्राम प्रधान जो कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि हैं, अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों के विकास एवं समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं तथा कार्य करने का अनुभव भी रखते हैं। आगामी 26 मई को हमारा वर्तमान कार्यकाल समाप्त हो रहा है, किन्तु यह सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर न होकर लगभग एक वर्ष आगे बढ़ सकते हैं। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने के बजाय वर्तमान ग्राम प्रधानों का ही कार्यकाल आगे बढ़ाया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष सचिन मलिक, ग्राम प्रधान सुधीर कुमार, मौहम्मद अनवार, हेमेंद्र सिंह, शबनम परवीन, केहर सिंह, इशरत जहां, डीके सिंह, ओमवीर सिंह, कविता देवी, हेमेंद्र सिंह, सोमवीर सिंह, श्रीमती रचना, आयशा खातून, शमीम व सत्यम चौधरी, भूपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। इस दौरान एडीओ पंचायत सुशील कुमार और एडीओ एसटी अरिंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।








# योगेश भटनागर को सौंपा जिलाध्यक्ष का दायित्व

**बिजनौर ( चिंगारी )**। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश भटनागर के निवास स्थान मयूर विहार, बिजनौर में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों एवं जनपद में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश भटनागर की शारीरिक अवस्था को देखते हुए कार्यवाहक जिलाध्यक्ष का दायित्व योगेश भटनागर को सौंपा जाए। उपस्थित सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सहमति प्रदान की। इसके उपरांत योगेश भटनागर का पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।



बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि जनपद में संगठन के 66 सक्रिय सदस्य बनाए गए हैं तथा उनकी सूची भी संगठन पदाधिकारियों को सौंप दी गई है।

इस अवसर पर अरुण कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप किशोर भटनागर, मयंक भटनागर, रितेश भटनागर, वैभव भटनागर सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# शक्तिपात योग से मिल सकता है दर्द से छुटकारा



## योगगुरु चंद्रदेव का दावा

**बिजनौर( चिंगारी )**। यदि आप कमर-घुटने के दर्द, साईटिका व डिस्क स्लिप से परेशान व हताश हैं और महंगी व पेन किलर खाकर परेशान हो गये हैं, तो आपके लिये वरदान सिद्ध हो सकते हैं।

योग गुरु बताते हैं कि योग की अनेक थैरेपियों में असाध्य रोगों विशेषकर दर्द का इलाज संभव है। ऐसे ही थैरेपी का नाम है शक्तिपात योग, जिसके माध्यम से वे क्षेत्र के सैकड़ों लोगों का इलाज कर उन्हें दर्द से छुटकारा दिला चुके हैं। साथ ही योग गुरु रोगों को एक नकारात्मक ऊर्जा मानते हैं, जिसको शक्तिपात ऊर्जा से नष्ट किया जा सकता है, जिसके सम्पर्क में आते ही मात्र 10 मिनट में रोगी का दर्द व मन शांत होकर शरीर फूल के समान हल्का प्रतीत होने लगता है।

## कई वर्षों से जगा रहे योग की अलख

मूल रूप से सिहोरा (खारी) ग्राम के निवासी 65 वर्षीय चंद्रदेव वर्तमान में बिजनौर के मौहल्ला गंगानगर में रहते हैं और पिछले कई वर्षों से नि:शुलक योग की अलख जगा रहे हैं। उनके द्वारा पंजों पर शरीर का पूर्ण भार डालते हुए शरीर को हवा में उठाकर मयुरासन तथा पेट को घिरनी की तरह घुमाकर नाली जैसी यौगिक क्रियायें देखकर लोग हैरत में पड़ जाते हैं। बिजनौर के बाबा रामदेव के नाम से मशहूर योग गुरु चंद्रदेव भगवान शिव को अपना गुरु मानते हैं। वे योग को मात्र व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हैं। दर्द के लाइलाज रोगी कृष्णा कॉलेज के सामने जानकीपुरम स्थित शिवशक्ति योग पीठ बिजनौर में संपर्क कर सकते हैं। असुविधा से बचने के लिये मो. 9870746060 पर अग्रिम रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।



## अब पूर्णत: स्वस्थ हूं

30 वर्षीय मौअज्जमपुर निवासी जयपाल पिछले 10 वर्षों से पैरों में भयंकर दर्द के चलते कुछ दूर भी पैदल नहीं चल पाते थे। वह अपनी रोगी काया व दो छोटी बेटियों को देख चिंतित व हताश हो चुके थे। मेरठ, मुरादाबाद सहित अनेक महानगरों में भटकने के पश्चात अब वह योग गुरु की शक्तिपात थैरेपी से बिल्कुल स्वस्थ होकर प्रसन्नता व उत्साहपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं।



# ओमवती देवी के निधन पर शोक

**हल्दौर ( चिंगारी )** कांग्रेस व जनपद की वरिष्ठ नेता, चार बार की विधायक, एक बार की सांसद और एक बार की राज्य मंत्री रहीं ओमवती देवी के निधन पर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शादीलाल मारवाड़ी के प्रतिष्ठान पर एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व राज्यमंत्री व पूर्व सांसद ओमवती देवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में शादीलाल मारवाड़ी, बीनू मारवाड़ी, मौ. हनीफ सलमानी, भवानी प्रसाद मारवाड़ी, मौ. शजर फरीदी, नफीस अहमद, राजाराम सैनी, महेंद्र सिंह, यासीन मलिक, सत्यपाल प्रजापति, एहसान सिद्दीकी, इकरार अंसारी व सरदार दिलीप सिंह आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 22 को शरबत का प्याऊ लगायेगी समिति

**बिजनौर ( चिंगारी )। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय संस्था नगर कल्याण समिति द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए 22 मई शुक्रवार को प्रात: 11:00 बजे शरबत प्याऊ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पंजाबी कॉलोनी स्थित राम मंदिर, सिविल लाइन, बिजनौर में संपन्न होगा। समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर कल्याण समिति पिछले कई वर्षों से गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं आमजन की सेवा हेतु शरबत वितरण का कार्य करती आ रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी सेवा भाव के साथ शरबत प्याऊ लगाया जा रहा है, जिससे राहगीरों को गर्मी से राहत मिल सके।**

ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग ( पेज 8 )



# 20 मई से चिलचिलाती धूप से राहत की उम्मीद

## पहाड़ी जिलों में हो सकती है बारिश और बर्फबारी

**देहरादून ( चिंगारी )। उत्तराखंड में मौसम के मिजाज में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ दिनों से राज्य के कई हिस्सों में हुई हल्की से मध्यम बारिश, बर्फबारी, ओलावृष्टि और तेज आंधी के बाद अब चिलचिलाती धूप और गर्मी लोगों को सताने वाली है। मौसम विभाग ने 20 मई से फिर मौसम के करवट लेने की उम्मीद जताई है।**

मौसम विभाग के अनुसार देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश और रुद्रपुर जैसे जिलों में पारा 39 से 41 डिग्री तक पहुंच गया है, जबकि हल्द्वानी जिले में तापमान 42 डिग्री पार जाने का अनुमान है। गर्मी के कारण पौड़ी, नैनीताल और बागेश्वर के जंगलों में आग धधक उठी है। हालांकि, विभाग ने राहत की खबर दी है कि 20 मई से पहाड़ी जिलों में बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। आईएमडी ने 20 मई को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जैसे पहाड़ी जिलों में तेज झोंकेदार हवाओं के साथ हल्की बारिश और बर्फबारी का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में फिलहाल अधिकतम तापमान सामान्य बना हुआ है, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में यह सामान्य से थोड़ा कम या कुछ जगहों पर सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है। वहीं, अगर न्यूनतम तापमान की बात करें तो मैदानी इलाकों में यह सामान्य के आसपास बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले 4 से 5 दिनों के भीतर पूरे उत्तराखंड में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की धीरे-धीरे बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। इसका सीधा मतलब यह है कि आने वाले दिनों में गर्मी का प्रकोप बढ़ने वाला है। मैदानी इलाकों की बात करें तो इस हफ्ते हल्द्वानी में पारा 42 डिग्री सेल्सियस के रिकॉर्ड स्तर को छू सकता है। इसके अलावा ऋषिकेश, हरिद्वार और रुद्रपुर जैसे मैदानी शहरों में भी तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।

## सूचना

मैंने अपना नाम Waqar Husain से बदलकर Vikar Husain रख लिया है। अब भविष्य में मुझे Vikar Husain के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाये। -Vikar Husain पुत्र श्री इफ्तेखार हुसैन मोहल्ला काजीपाड़ा जुनूबी बिजनौर

## सूचना

मैंने अपना नाम ZAIBA BANO से बदलकर ZEBA BANO रख लिया है। अब भविष्य में मुझे ZEBA BANO के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाये।-ZEBA BANO पत्नी श्री विकार हुसैन मोहल्ला काजीपाड़ा जुनूबी, बिजनौर

## आसमान से बरस रही आग



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी ने लोगों के सिर चकराने शुरू कर दिये हैं। पिछले कई दिनों से पारा लगातार ऊपर चढ रहा है। दोपहर को बाजार सूने होने लगे हैं तथा सड़कों पर भी चहल-पहल कम हो जाती है। दरअसल, पिछले कई दिनों से सूरज आग-बबूला हो रहा है। ऐसा प्रतीत हो रहा है, जैसे आसमान से सीधे आग बरस रही हो। दोपहर होते-होते स्थिति ऐसी हो जाती है कि घर से बाहर निकलना ही मुश्किल हो जाता है। घर से बाहर पैर रखते ही सिर तपने लगता है। आग उगलते सूरज को देखकर कहा जा सकता है कि आने वाले दिनों में गर्मी जीना दुश्वार कर देगी। जून के महीने में पारे का चढ़ाव लोगों की हालत खराब कर सकता है। धीरे-धीरे पंखों की हवा ने सुकून देना कम कर दिया है। यदि कहीं राहत मिल रही है, तो वे स्थान हैं 'घनी छांव वाले पेड़'। हालांकि आज के दौर में ऐसे पेड़ बहुत कम मिलते हैं।


धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड

सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा

Salaried Loan
अब खास आपके लिए

लोन लेना हुआ
और भी आसान

अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।

हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com



Hero

हीरो अब शानदार ऑफर के साथ



1 मई से 31 मई तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है

1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर

कविता मोटर्स

हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, बिजनौर

मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी...

## थम नहीं रहा बच्चों का शोषण

समाजद्रोही तत्वों का हौसला इस कदर बुलंद है कि वे तमाम कानूनों, नियमों, अधिनियमों के बावजूद बिना डर-भय के बच्चों का इस्तेमाल बालश्रम, वेश्यावृत्ति व पोर्नोग्राफी जैसे घृणित कार्यों में कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सरकार इन तथ्यों से अवगत नहीं है। फिर भी वह बच्चों को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम है। हालांकि पिछले दिनों केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बच्चों के यौन शोषण पर रोक लगाने से संबंधित एक विधेयक को मंजूरी दी है, लेकिन समाज की जड़ में पहुंच चुकी इन बुराइयों को खत्म करने के लिए सिर्फ कानून ही पर्याप्त नहीं हैं। अगर कानून बनाना ही पर्याप्त होता तो बालश्रम कानून को लागू हुए लंबा अरसा गुजरने के बावजूद बच्चों को जोखिमपूर्ण कामों में लगाने और उनसे बेगार लेने की कुप्रवृत्ति जस की तस नहीं होती। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 और 24 में व्यवस्था दी गई है कि मानव तस्करी व बलात श्रम के अलावा 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कारखानों और जोखिम भरे कार्यों में नहीं लगाया जाए। 1976 का बंधुआ मजदूरी उन्मूलन एक्ट भी बच्चों को संरक्षण प्रदान करता है, लेकिन स्थिति यह है कि आज संविधान और कानून की खुल कर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ऐसे में समाज और राष्ट्र की जिम्मेदारी बनती है कि वे बच्चों के जीवन को सुरक्षित बनाने के लिए समुचित वातावरण निर्मित करें। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल करने के बाद भी देश बच्चों की असमय मौत के मामले में शीर्ष पर है। देश में हर साल पांच साल से कम उम्र के 20 लाख से अधिक बच्चों की असामयिक मौत होती है। यूनीसेफ की रिपोर्ट बताती है कि पांच साल से कम उम्र में मरने वाले 90 फीसद बच्चे निमोनिया और डायरिया जैसी आसानी से रोकथाम की जा सकने वाली बीमारियों के शिकार होते हैं। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था ने यह भी कहा है कि भारत में दुनिया के कुपोषित बच्चों की एक तिहाई संख्या बसती है। अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट पर विश्वास करें तो दुनिया भर में तकरीबन 15 करोड़ से अधिक बच्चे खतरनाक उद्योगों में काम कर रहे हैं और इनमें सर्वाधिक संख्या भारतीय बच्चों की ही है।

# श्रमदान : चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम

**हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने अनुदेशकों के एक सम्मान समारोह में सार्वजनिक मंच से इस विषय पर गहरा विचार व्यक्त किया। उन्होंने उस मानसिकता पर गंभीर सवाल उठाए, जिसके तहत स्कूलों में बच्चों द्वारा चलाए जाने वाले स्वच्छता अभियान, सफाई कार्य या किसी भी प्रकार के सामुदायिक श्रम में भाग लेने को गलत नजरिए से देखा जाता है।**

आज का भारत तकनीकी प्रगति, आधुनिक जीवनशैली और डिजिटल सुविधाओं के एक नये दौर से गुजर रहा है। इन आधुनिक बदलावों ने हमारे जीवन को बेहद आसान और सुविधाजनक तो बना दिया है, लेकिन इसके साथ ही समाज में एक चिंताजनक प्रवृत्ति भी देखने को मिल रही है। हमारे भीतर शारीरिक श्रम के प्रति सम्मान और सामुदायिक जिम्मेदारी की भावना धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही है। विशेष रूप से आज की नई पीढ़ी को अत्यधिक लाड़-प्यार, सुविधा और संरक्षण के माहौल में पाला जा रहा है। इस अति-संरक्षण का परिणाम यह हो रहा है कि बच्चों में जीवन की वास्तविक और व्यावहारिक चुनौतियों का सामना करने की क्षमता कम होती जा रही है। ऐसे समय में, नई पीढ़ी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए श्रमदान और सामुदायिक सेवा की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।



हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने अनुदेशकों के एक सम्मान समारोह में सार्वजनिक मंच से इस विषय पर गहरा विचार व्यक्त किया। उन्होंने उस मानसिकता पर गंभीर सवाल उठाए, जिसके तहत स्कूलों में बच्चों द्वारा चलाए जाने वाले स्वच्छता अभियान, सफाई कार्य या किसी भी प्रकार के सामुदायिक श्रम में भाग लेने को गलत नजरिए से देखा जाता है।

### मीडिया का दबाव और अधिकारियों की जल्दबाजी

अक्सर समाज में यह देखा गया है कि यदि बच्चे विद्यालय परिसर की सफाई करते, झाड़ू लगाते, बर्तन धोते, ईंट उठाते, कोई स्कूल का सामान इधर से उधर उठाते या क्यारियों को ठीक करते हुए दिख जाएं, तो कुछ लोग तुरंत सक्रिय हो जाते हैं। सनसनीखेज खबरों के चक्कर में मीडिया के कुछ माध्यम भी बिना सोचे-समझे इसे 'बाल श्रम' का नाम देकर एक नया विवाद खड़ा करने का प्रयास करते हैं।

इस नकारात्मक मीडिया हाइप और सोशल मीडिया के दबाव में आकर प्रशासनिक अधिकारी भी मामले की जमीनी हकीकत जान बिना आनंद पालन में शिक्षकों के खिलाफ सस्पेंशन या कारण बताओ नोटिस जैसी दंडात्मक कार्रवाई कर देते हैं। अधिकारियों का यह रवैया उन शिक्षकों के मनोबल को पूरी तरह तोड़ देता है, जो बच्चों में अच्छे संस्कार और आत्मनिर्भरता की भावना जागना चाहते हैं। यह सूचना केवल शिक्षा की मूल और पवित्र भावना को ठेस पहुंचती है, बल्कि बच्चों के समग्र चरित्र निर्माण की प्रक्रिया में भी एक बड़ी बाधा बनती है। आगे से यह उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रशासनिक अधिकारी ऐसे किसी भ्रामक खबरों या दबाव में आकर शिक्षकों के खिलाफ अनुचित कार्रवाई नहीं करेंगे, बल्कि सच्चाई का पता लगाकर रचनात्मक प्रयासों को संरक्षण देंगे।

### शिक्षा सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं है

सच्चाई यह है कि शिक्षा को कभी भी केवल पुस्तकों की चारदिवारी तक सीमित नहीं किया जा सकता, यदि हमारे विद्यालय केवल ऐसी मशीनें बनकर रह जाएंगे जो परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले छात्र को तैयार करते हैं, लेकिन उनमें अनुशासन, जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना का विकास नहीं कर पाती, तो ऐसी शिक्षा पूरी तरह अधूरी और व्यर्थ है। श्रमदान बच्चों को बहुत ही व्यावहारिक तरीके से यह सिखाता है कि समाज और हमारी सार्वजनिक संपत्तियां केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि उनके रखरखाव में प्रत्येक नागरिक का समान दायित्व है, जो बच्चा आज अपनी कक्षा या स्कूल परिसर को साफ रखने में अपना योगदान देता है, वह बड़ा होकर कभी भी सार्वजनिक स्थानों को गंदा करने की सोच भी नहीं सकता।



वैश्विक प्रणालियों से सीख जापान,चीन और सिंगापुर यदि हम दुनिया के विकसित और सबसे अनुशासित देश की शिक्षा व्यवस्था को देखें तो वे भी इसी श्रम के सिद्धांतों को अपनाती है जापान। यहां के स्कूलों में 'ओसूजी' (O- soji) की एक बेहतरीन परंपरा दशकों से चली आ रही है। वहां के अधिकांश स्कूलों में साफ सफाई के लिए अलग से सफाईकर्मी नहीं रखे जाते। छात्र और शिक्षक हर दिन मिलकर अपनी कक्षाओं, गलियारों और यहां तक की शौचालय की भी साफ सफाई करते हैं।

चीन ने भी हाल के वर्षों में अपनी स्कूली पाठ्यक्रम में 'लाओदोंग शिक्षा' यानी 'श्रम शिक्षा' को एक अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया है। वहां के छात्रों के लिए खेती, सफाई पौधारोपण और विभिन्न सामुदायिक सेवाओं में भाग लेना आवश्यक बना दिया गया है।

सिंगापुर अपनी सफाई और कड़े अनुशासन के लिए मशहूर सिंगापुर के स्कूलों में छात्रों के लिए प्रतिदिन 'क्लासरूम क्लीनिंग' और सामुदायिक सेवा को अनिवार्य हिस्सा बनाया गया है। वहां बच्चों को अपनी मेज़ साफ करने से लेकर कैंटीन की सफाई तक में हाथ बंटाना पड़ता है, जिससे उनमें नागरिक जिम्मेदारी की भावना पैदा होती है। इन देशों में जब बच्चे साफ सफाई करते हैं, तो उसमें 'बाल श्रम' नहीं बल्कि 'चरित्र निर्माण' कहा जाता है।

### श्रमदान और बाल श्रम में अंतर

श्रमदान और बाल श्रम में अंतर करना जरूरी है। 'बाल श्रम' एक अमानवीय और दमनकारी व्यवस्था है, जहां बच्चों से उनके आर्थिक लाभ या शोषण के लिए काम कराया जाता है, जिससे उनका बचपन और शिक्षा पूरी तरह बर्बाद हो जाता है। इसके विपरीत 'श्रमदान' एक पूरी तरह से स्वैच्छिक और सामाजिक प्रक्रिया है। इसका एकमात्र उद्देश्य बच्चों में चरित्र निर्माण, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सामाजिक चेतना की भावना को जगाना है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी अपनी 'बुनियादी शिक्षा' के विचार में श्रम को शिक्षा का एक अनिवार्य हिस्सा माना था। भारत के लिए आगे की राह इसके लिए सरकारों और प्रशासनिक संस्थाओं को भी एक बेहद संतुलित और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। यदि किसी विद्यालय में बच्चों से पूरी तरह सुरक्षित, उनकी उम्र के अनुकूल और गरिमापूर्ण तरीके से स्वच्छता या सामाजिक सेवा कराई जाती है, तो उस पर कानूनी विवाद खड़ा करने या शिक्षकों को दंडित करने के बजाय उसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके लिए शिक्षा विभाग को स्पष्ट और सुरक्षित दिशानिर्देश बनाने चाहिए, ताकि बच्चों की सुरक्षा और सम्मान भी बना रहे और शिक्षा के साथ-साथ उनके चरित्र निर्माण का पावन उद्देश्य भी पूरा हो सके।

एक मजबूत, अनुशासित और आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी सच हो सकता है जब हमारी शिक्षा व्यवस्था बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ श्रम का सच्चा सम्मान करना सिखाए। अब समय आ गया कि हम इस छुईमुई (अत्यधिक नाजुक) मानसिकता और मीडिया के बेवजह के दबाव से बाहर निकलें और श्रमदान को राष्ट्रनिर्माण का एक शस्क्त माध्यम मानते हुए इसे अपनी शिक्षा और सामाजिक जीवन का एक अटूट हिस्सा बनाएं।

**लेखक: रितेश भटनागर**

# कोई बताये, 10 लाख पेड़ कहां लगाये?

## पर्यावरण के साथ खुला खिलवाड़

–राशिद मलिक

**बढ़ापुर ( चिंगारी )** उर्दू भाषा का एक प्रसिद्ध मुहावरा 'जान है तो जहान है' का अर्थ अशिक्षित इंसान भी अच्छी तरह से जानते हैं, परंतु वर्तमान में प्राचीन काल से अधिक सभ्य व शिक्षित इंसान अपने स्वार्थ के चलते इसके विपरीत मुहावरे 'मरे तो मरे, पर जिए तो दुखिया' के अर्थ की राह पर बिना किसी चिंता और डर के चलता ही जा रहा है। विकास के लिए किए जा रहे मानव क्रियाकलापों से पर्यावरण पर गंभीर संकट उत्पन्न हो रहा है, परन्तु भविष्य के संकट और चुनौतियों के प्रति न तो इंसान और न ही शासन-प्रशासन गंभीर दिखाई दे रहा है।

जनपद बिजनौर में बीते 5 वर्षों में ही यहां लगभग एक लाख पेड़ काटे गए हैं। जनपद में सड़कों के चौड़ीकरण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 119 और 74 पर नजीबाबाद- बिजनौर तथा नजीबाबाद-अफजलगढ़ के बीच बीते 5 वर्षों में ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी और लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब 50000 पेड़ काटे गए थे। इनके अलावा लोक निर्माण विभाग द्वारा नहटौर-धामपुर और बिजनौर- दारानगर तथा दारानगर और हल्दौर के बीच सड़क चौड़ीकरण के लिए हज़ारों पेड़ काटे गए हैं।



हालांकि इस पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के लिए काटे गए पेड़ों की भरपाई के लिए 10 गुना पेड़ लगाए जाने के नियम का प्रावधान है। बिजनौर में इस नियम के पालन के तहत करीब 10 लाख पेड़ लगाए जाने थे। सर्वे कराकर देख लीजिए 10 लाख पौधे कहां लगाये गए हैं? विभाग की फाइलों में लिखे गए नियम और धरातल पर लगाए गए पौधे की वास्तविकता खुद समझ में आ जाएगी।

## जरा याद करो कुर्बानी..

देश में केवल आजादी के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यावरण के लिए भी लोगों ने अपनी जान की कुर्बानियां दी हैं। इतिहास गवाह है सन् 1730 में राजस्थान के जोधपुर में महाराजा अभय सिंह के आदेश पर महल बनाने के लिए जब खेजड़ली गांव में खेजड़ी के पेड़ों को काटा जा रहा था, तब पेड़ों को बचाने के लिए अमृता देवी बिश्नोई नामक महिला आगे आई थी और पेड़ों को बचाने के लिए उनसे चिपक गई। महाराजा अभय सिंह के सैनिकों ने अमृता देवी बिश्नोई उनकी तीन बेटियों आसू,भागू और रतनी सहित 83 गांव के 363 महिला और पुरुषों की कुलहड़ियों से काटकर हत्या कर दी थी। पर्यावरण के लिए उनका यह ऐतिहासिक बलिदान आज भी इतिहास के पन्नों पर अमर है। हम पर्यावरण की क्षति को देखकर आज भले ही विचलित न होते हो, परन्तु पर्यावरण के लिए जान न्यौछावर कर देने वालों का नारा था 'सिर साटे रुंख रहे, तो भी सस्तो जांण' इसका अर्थ था यदि एक सिर की कीमत पर एक पेड़ भी बचता है तो भी यह सस्ता सौदा है। इसके विपरीत आज हम 'मरे तो मरे, पर जिए तो दुखिया' के मार्ग पर चल रहे हैं इसका अर्थ है हर हाल में नुकसान होना और मरने के बाद भी दुखी रहना। भले ही हमारे लिए पेड़ों की कोई कीमत न हो, परंतु पर्यावरण क्षति से हम जिंदा रहते हुए मरे जैसे और भावी पीढ़ियों के भविष्य को तहस-नहस कर मरने के बाद भी हम दुखी ही रहने वाले हैं।

## संपर्क मार्ग पर भरा हुआ है पानी, ग्रामीणों को भारी परेशान



**नहटौर ( चिंगारी )**। गांव करीमपुर मुबारक के संपर्क मार्ग में गांव के गंदे पानी की निकासी न होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गांव करीमपुर मुबारक का नहटौर आने के लिए चार किलोमीटर का संपर्क मार्ग है। उक्त मार्ग पक्का है। गांव की आवादी का पानी की निकासी के लिए वर्ष 2011-2012 में क्षेत्र पंचायत से गांव प्रवेश पर खडी अंबेडकर की मूर्ति से लेकर गांव सीकरी निवासी अजय त्यागी नहटौर निवासी इंतजार एडवोकेट के आम के बाग वाली साईड पर क्षेत्र पंचायत से 70 मीटर नाला बनाया गया था। सड़क के दोनों और एक पुलिया भी है। गांव का पानी इस नाले के माध्यम से कुछ पानी पुलिया के माध्यम से सीकरी निवासी अजय त्यागी कुछ पानी आम के बाग में चला आ रहा था। वर्तमान में दोनों के खेत स्वामी व आम के बाग स्वामी ने अपनी अपनी जगहों पर जाने पर रोक लगा दी। गांव से आने वाला पानी की निकासी लगभग दो माह से बंद होने के कारण उक्त पानी सड़क पर फेल गया। और तालाब का रूप ले लिया। इस संपर्क मार्ग पर जल भराव होने के कारण ग्रामीणों को स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड रहा है। इस समस्या को लेकर गांव निवासी विशाल, मूलचंद, आशाराम,दीपक, आदि ग्रामीणों कहना की दो महा से पानी की निकासी ना होने के कारण आवागमन बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को अवगत करने के बावजूद आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है जिससे आवागमन में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है। ग्राम पंचायत सचिव जयवीर सिंह ने बताया यह मामला उनकी जानकारी में है। संबंधित लेखपाल को भूमि पैमाइश के लिए कहा गया है। लेखपाल द्वारा भूमि पैमाइश करने के बाद ही समस्या का समाधान किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि यह मामला उनकी जानकारी में नहीं है मामले की संबंधित सचिव से जानकारी करके समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा- सुनील प्रधान

**नूरपुर ( चिंगारी )**। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान सोमवार को ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह के ग्राम पीपला जागीर स्थित आवास पर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सुनील प्रधान ने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन में किसी प्रकार की अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन हमेशा किसानों व असहाय लोगों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर प्रयासरत रहता है। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह,मोनू प्रधान,आशु, ब्लॉक संरक्षक मनोज कुमार,ध्यान सिंह,डॉ. विजेंद्र सिंह,अभय चौधरी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# भुवनचंद्र खंडूरी का निधन, उत्तराखण्ड में शोक की लहर

**देहरादून ( चिंगारी )**। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवनचंद्र खंडूरी का लंबी बीमारी के बाद आज निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे थे। देहरादून के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से पूरे उत्तराखंड और राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।



### सैन्य और राजनीतिक जीवन का सफर

1 अक्टूबर 1934 को जन्मे बी.सी. खंडूरी ने राजनीति में कदम रखने से पहले भारतीय सेना में एक लंबा और गौरवशाली समय बिताया। उन्होंने 1954 से 1990 तक सेना के 'कोर ऑफ इंजीनियर्स' में अपनी सेवाएं दीं। सेना में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 1982 में 'अति विशिष्ट सेवा पदक' (AVSM) से भी सम्मानित किया गया था। सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति का रुख किया और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई। वह पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से 5 बार लोकसभा सांसद चुने गए (10वीं, 12वीं, 13वीं, 14वीं और 16वीं लोकसभा)।

इसके बाद वे दो बार (2007-2009 और 2011-2012) उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे। मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल को प्रदेश में कड़े भ्रष्टाचार विरोधी फैसलों, मजबूत लोकपाल कानून के मसौदे और प्रशासनिक पारदर्शिता के लिए हमेशा याद किया जाता है।

### नेताओं ने व्यक्त की संवेदना

उनके निधन पर प्रधानमंत्री, राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि खंडूरी जी का जाना उत्तराखंड के लिए एक अपूरणीय क्षति है, उन्होंने हमेशा शुचिता और विकास की राजनीति को प्राथमिकता दी। उनके परिवार में उनकी पुत्री और उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण और पुत्र मनीष खंडूरी हैं। खंडूरी जी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

## केंद्रीय मंत्री के रूप में स्वर्णिम कार्यकाल

**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में उन्होंने केंद्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह केंद्र सरकार में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार और बाद में कैबिनेट मंत्री ) रहे। इसके अलावा उनके पास शहरी विकास और गरीबी उन्मूलन मंत्रालय का भी अतिरिक्त प्रभार रहा। केंद्रीय मंत्री के रूप में देश की महत्वाकांक्षी 'स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना' (Golden Quadrilateral Project) और राजमार्गों के विकास को धरातल पर उतारने का श्रेय उन्हें ही जाता है।**

# धामपुर की शिखा को विधि में पीएचडी

## नाइजीरिया के गवर्नर ने किया सम्मानित



**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता हितेश भटनागर की बेटी शिखा भटनागर को विधि विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। शिखा की इस उपलब्धि पर घर में हर्ष का माहौल है। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा डॉ. शिखा भटनागर को विधि विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई है। यह उपाधि उन्हें नाइजीरिया के केब्बी राज्य के गवर्नर डॉ. नासिर इदरीस (कौरन ग्वांडू) द्वारा प्रदान की गई। डॉ. शिखा भटनागर ने अपना शोध कार्य भारत में लिव-इन रिलेशनशिप की सामाजिक-कानूनी स्थिति फ्रांस, कनाडा और स्कॉटलैंड के विशेष संदर्भ में विषय पर पूर्ण किया। यह शोध कार्य विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सारिका त्यागी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। डॉ. शिखा भटनागर ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय डॉ. वैभव गोयल भारतीय, पूर्व डीन, विधि विभाग, सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ को दिया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, शुभचिंतकों एवं विधि जगत से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। ये भी बता दें कि शिखा के बड़े भाई नितिन भटनागर सायबर क्राइम एक्सपर्ट हैं और समूचे भारत सहित मिडिल ईस्ट में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं।

# लखनऊ में सीएम योगी ने किया स्वामी चिदानन्द का सम्मान



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती की भेंटवार्ता हुई। राज्य के सर्वांगीण विकास, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्धन पर विस्तृत एवं सकारात्मक विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से पावन नगरी अयोध्या तथा तीर्थराज प्रयाग के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विकास पर गहन चर्चा हुई। दोनों ही नगर भारतीय सभ्यता, आस्था और सनातन संस्कृति के जीवंत प्रतीक हैं, और इनके समग्र विकास को लेकर एक दूरदर्शी, संतुलित एवं लोक कल्याणकारी दृष्टिकोण साझा किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हो रहे, ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी विकास कार्यों की सराहना करते हुये स्वामी जी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश केवल आधारभूत संरचना, औद्योगिक विकास एवं सुशासन के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक पुनर्जागरण तथा धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण में भी एक उत्कृष्ट पहचान स्थापित कर रहा है। उत्तर प्रदेश आज केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का केंद्र बनकर विश्व पटल पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा स्वामी ने कहा कि जब शासन, संत परंपरा और समाज एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, तब राष्ट्र वास्तविक अर्थों में उन्नति करता है। उन्होंने जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा नदियों की स्वच्छता जैसे अभियानों को जन आंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभु श्रीराम जी की दिव्य प्रतिमा व अंगवस्त्र प्रदान कर उनका अभिनन्दन किया।

# लखनऊ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरुद्ध प्रदर्शन किया

**धामपुर (चिंगारी)।** सोमवार को अधिवक्ताओं ने दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित ग्राम न्यायालय के बाहर प्रदर्शन कर लखनऊ में अधिवक्ताओं के चेंबर पर बुलडोजर चलाए जाने पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैंबर्स पर बुल्डोजर चलाना व अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज किया जाना बेहद दुर्भाग्य पूर्ण है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज का वो अभिन्न अंग है जो आम जन को न्याय दिलवाने का कार्य करता है। ग्राम न्यायालय धामपुर के अधिवक्ताओं ने न्यायालय के बाहर उपस्थित होकर प्रदर्शन किया। सभी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया तथा एक दिवसीय हड़ताल भी की। विरोध प्रदर्शन करने वालों में एड.



ग्राम न्यायालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ता।

आमिर अंसारी, एड. आयुष कौशिक, एड. कुणाल गांधी, एड. अनिल कुमार, प्रशांत कुमार, एड. अनस नोमानी एड., एड. मोहम्मद आलम, एड. मोहित सहरावत, एड. राजवीर, एड. डिगेन्द्र सिंह, एड. मुकेश कुमार, एड. पुलकित जैन, एड. कृष्ण गोपाल, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिकों का मासिक शिविर कल

**कोटद्वार (चिंगारी)। जिला सैनिक कल्याण व पुनर्वास कार्यालय लैंसडौन की ओर से कल जयहरीखाल ब्लॉक के ग्राम ढौंटियाल में मासिक शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन एसपी सती ने पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और सैनिक आश्रितों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।**

# राजे नेगी भारतीय सनातन संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** भारतीय सनातन संगठन ने देवभूमि उत्तराखंड के ऋषिकेश निवासी वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. राजे नेगी को अपना राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सीनियर एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा की गई। भूपेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि डॉ. नेगी को संगठन के हित, सनातन सेवा के प्रति उनके समर्पण तथा संगठन के प्रचार-प्रसार के लिए यह जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. नेगी के नेतृत्व, अनुभव और समाजसेवा के प्रति समर्पण से संगठन को नई दिशा और मजबूती प्राप्त होगी। इस नियुक्ति से सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और संगठन को सुदृढ़ करने में नई ऊर्जा आने की उम्मीद है।

# मुख्य वक्ता के रूप में सम्मानित हुये डॉ. विजय त्यागी

**हरिद्वार (चिंगारी)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् हरिद्वार के महामन्त्री, संस्कृत भारती हरिद्वार के नगर अध्यक्ष एवं बीडी इण्टर कॉलेज भगवानपुर के शिक्षक, कवि, लेखक, सम्पादक तथा समीक्षक साहित्यकार डॉ. विजय कुमार त्यागी को साहित्य अकादमी नई दिल्ली के रवीन्द्र भवन सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय साहित्यिक सम्मान समारोह में हिमालय विरासत ट्रस्ट, उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित अनवरत वेबिनार श्रृंखला 'रविवारीय कहानी वार्ता' के 150 सप्ताह (3 वर्ष) की अनवरत वार्ता यात्रा के अंतर्गत मुख्य वक्ता के रूप में सम्मानित किया गया। सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिह्न पद्मश्री प्रो. अशोक चक्रधर, पूर्व शिक्षा मंत्री भारत एवं पूर्व मुख्यमन्त्री उत्तराखण्ड डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, सचिव साहित्य अकादमी दिल्ली डॉ. वरुण गुलाटी, प्रोफेसर के.जी. सुरेश, प्रोफेसर दर्शन पाण्डेय, श्रीनिवास त्यागी, प्रो. वेदप्रकाश वत्स, डॉ. बेचैन कण्डियाल, डॉ. आशना कंडियाल



आदि द्वारा प्रदान किया गया।

समारोह की अध्यक्षता पद्मश्री अशोक चक्रधर ने की तथा मुख्य अतिथि प्रोफेसर के. जी. सुरेश रहे। डॉ. त्यागी को डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के रचना संसार श्रृंखला में 138वीं कहानी 'कहाँ हुई भूल' की सारगर्भित समीक्षा एवं वक्तव्य हेतु साहित्यिक श्रृंखला को प्रेरणादायी बनाने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार त्यागी ने बताया कि यह साहित्यिक सम्मान समस्त हरिद्वार एवं उत्तराखण्ड के साहित्यिक जगत् के लिए गौरवपूर्ण है। डॉ. त्यागी हिन्दी एवं संस्कृत के लिए समर्पित व्यक्तित्व है। इस अवसर पर हिन्दी साहित्यकार एवं कवि डॉ. सुशील कुमार त्यागी, अनीता, दीपशिखा, प्राची, शिविजय, रजत बहुखण्डी, नितेश जगूड़ी आदि परिजनों एवं मित्रों ने शुभकामनाएं दीं।

# सीएम डैशबोर्ड में 9 विभाग फिसड्डी

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जिले के 9 विभागों के बी और सी श्रेणी में पहुंचने पर डीएम ने नाराजगी जताई।

डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे नियमित रूप से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड का अवलोकन करें और रैंकिंग में गिरावट आने पर समय रहते सुधारात्मक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर समस्या होने पर तत्काल अवगत कराया जाए, ताकि सक्षम स्तर से कार्रवाई कर रैंकिंग में सुधार सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड को लेकर पूरी गंभीरता और सजगता से कार्य करें तथा किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।




## डीएम ने जताई नाराजगी

बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, स्वच्छता, सड़क, विद्युत और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर समाधान के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में तेजी लाने और लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, डीसी एनआरएलएम योगेंद्र यादव, उपकृषि निदेशक डॉ. घनश्याम सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# गन्ना नियंत्रण आदेश 2026 का विरोध, हजारों किसानों ने भेजे ई-मेल

**बिजनौर (चिंगारी)।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित गन्ना (नियंत्रण) आदेश-2026 के मसौदे को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन ने इसे गन्ना किसानों और गुड़-खांडसारी उद्योग के हितों के खिलाफ बताते हुए सरकार से व्यापक स्तर पर किसानों और संबंधित पक्षों की राय लेने की मांग की है।


चौ. दिगम्बर सिंह

भाकियू अराजनीतिक युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह ने सोमवार को कहा कि इतने बड़े नीतिगत बदलाव से पहले किसानों, सहकारी समितियों, किसान संगठनों और अन्य हितधारकों से चर्चा की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि संगठन के कार्यकर्ताओं ने जनपद के किसानों के साथ मिलकर सचिव, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार को ई-मेल भेजकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं।

उन्होंने बताया कि संगठन गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक कर रहा है और अधिक से अधिक किसानों से ई-मेल के माध्यम से अपनी आपत्तियां दर्ज कराने की अपील की जा रही है। अब तक करीब 1000 आपत्तियां दर्ज कराई जा चुकी हैं और आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ने की संभावना है। दिगम्बर सिंह ने कहा कि संगठन की मांग है कि गन्ना मूल्य निर्धारण केवल चीनी रिकवरी के आधार पर न किया जाए, बल्कि एथेनॉल, बैगास, प्रेसमड और अन्य सह-उत्पादों से होने वाली आय को भी इसमें शामिल किया जाए। इसके अलावा 14 दिन के बजाय 24 घंटे में गन्ना भुगतान, गारंटी फंड की व्यवस्था और किसानों को अपनी पसंद की मिल चुनने की स्वतंत्रता जैसे मुद्दों पर भी सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए।

# शरीयत के मुताबिक करें कुर्बानी दूसरों को न हो परेशानी : क़ासमी

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** प्रसिद्ध आलिमे दीन मुफ्ती रियाज़ क़ासमी ने ईद-उल-अजहा के मौके पर कुर्बानी की फज़ीलत और उससे जुड़े अहम मसलों पर बयान करते हुए कहा कि कुर्बानी सुन्नते इब्राहीमी है और यह अल्लाह की रज़ा हासिल करने का बेहतरीन जरिया है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को कुर्बानी पूरी ईमानदारी, खालिस नियत और शरीअत के बताए हुए तरीके के मुताबिक अदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा सिर्फ जानवर की कुर्बानी का नाम नहीं, बल्कि त्याग, सब्र, इंसानियत और अल्लाह की इताअत का पैगाम देने वाला मुबारक त्यौहार है। कुर्बानी का असल मकसद इंसान के अंदर हमदर्दी, मोहब्बत और गरीबों की मदद का जज्बा पैदा करना है। मुफ्ती रियाज़ क़ासमी ने कहा कि लोग कुर्बानी के लिए सिर्फ वही जानवर इस्तेमाल करें जो शरीअत और कानून दोनों के मुताबिक जायज हों। गैर-कानूनी और मना किए गए जानवरों की कुर्बानी से पूरी तरह बचना चाहिए। उन्होंने कुर्बानी के दिनों में साफ-सफाई का खास ख्याल रखने की बात कहते हुए कहा कि गंदगी फैलाना न सिर्फ समाज, बल्कि दीन की तालीम के भी खिलाफ है। कुर्बानी के बाद जानवरों के अवशेष खुले में न डालें और आसपास की सफाई का पूरा ध्यान रखें ताकि किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े।


मुफ्ती रियाज़ क़ासमी

# ताइक्वांडो में आर.आर. पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जीते कई मेडल



**नूरपुर (चिंगारी)। मुरादाबाद के समर वैली स्कूल में आयोजित समर कप ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आरआर पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है।**

सोमवार को स्कूल पहुंचे खिलाड़ियों को स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने मेडल देकर सम्मानित किया। ताइक्वांडो कोच जीवन सिंह ने बताया कि 17 मई को मुरादाबाद के समर वैली स्कूल में समर कप ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद, अमरोहा, सम्भल, रामपुर, चंदौसी सहित अनेक जिलों के 960 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग के 48 किलो ग्राम भार वर्ग में सरबजीत सिंह ने रजत पदक, सीनियर बालिका वर्ग में कृष्टी सिद्धू ने स्वर्ण पदक, सीनियर बालिका वर्ग में 51 किलो ग्राम भार वर्ग में परमजीत कौर ने रजत पदक, अपने नाम किया। सब जूनियर बालिका वर्ग से आरआर पब्लिक स्कूल की छात्रा मानवी दिवाकर ने 20 किलोग्राम भार में स्वर्ण पदक, 41 किलों ग्राम भार वर्ग में शिखा अग्रवाल ने स्वण पदक, 35 किलोग्राम भार वर्ग में आरुषि वर्मा ने कांस्य पदक, सब जूनियर बालक वर्ग में 21 किलोग्राम भार वर्ग में स्पर्श सिंह ने कांस्य पदक जीता।

# चेन्नई थर्ड एचसीएल नेशनल्स डबल्स में धामपुर के रवि को कांस्य पदक

## स्क्वैश में रवि के साथ विकास की जोड़ी ने मचाई धूम

**बिजनौर (चिंगारी)। चेन्नई में आयोजित थर्ड एचसीएल नेशनल्स डबल्स में धामपुर निवासी स्क्वैश खिलाड़ी रवि दीक्षित ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है। डबल्स मुकाबले में उनके साथ विकास मेहरा की जोड़ी ने जमकर धूम मचाई।**

चेन्नई में 13 से 16 मई तक एचसीएल नेशनल्स डबल्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। रवि ने बताया कि पहला मैच स्क्वैश के खिलाड़ी ओमकार और अर्जिक्य के साथ हुआ। यह मैच जीतने के बाद क्वार्टर फाइनल में रवि दीक्षित और विकास मेहरा की भिड़ंत स्क्वैश युगल खिलाड़ी नवनीत और मैथ्यू के साथ हुआ। इस मैच को भी रवि और विकास ने जीत लिया। सेमी फाइनल का मुकाबला एशिया डबल्स के गोल्ड मेडलिस्ट अभय सिंह और बेलवान के साथ था, लेकिन ये मैच रवि और विकास मेहरा के हाथ से निकल गया। रवि दीक्षित ने बताया कि उन्हें इस




प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल हुआ है। उधर, इस जीत की सूचना के बाद धामपुर में भी स्क्वैश खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है।

### 2024 से लगातार जीत रहे पदक

रवि दीक्षित ने बताया कि वर्ष 2024 से नेशनल्स डबल्स प्रतियोगिता हो रही है, बताया कि 2024 में रवि दीक्षित ने संदीप जांगड़ा के साथ भी कांस्य जीता था। इसमें उन्होंने दो कांस्य पदक जीते थे, एक कांस्य पदक महिला खिलाड़ी जैनैथ विधि के साथ जीता था।

### अनेक मेडल जीत चुके

रवि दीक्षित स्क्वैश की दुनिया में एक जाना-पहचाना नाम बन चुके हैं। वह धामपुर शुगर मिल कॉलोनी में रहने वाले राम कैलाश दीक्षित के बेटे हैं, वह वर्तमान में दिल्ली में युवाओं को स्क्वैश की कोचिंग देते हैं। उन्होंने बताया कि वह फर्स्ट इंडियन एशियन चैंपियन, मलेशियन चैंपियन, वर्ल्ड कप सिल्वर मेडलिस्ट, साउथ एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट रह चुके हैं। इसके अलावा अंतराष्ट्रीय स्तर पर उनके नाम 15 से अधिक मेडल और टाइटल्स हैं।

# भाकियू टिकैत ने बिजली दफ्तर पर दिया धरना



**नगीना ( चिंगारी )।** बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बिजली दफ्तर पर धरना दिया। अधिशासी अभियंता द्वारा एक सप्ताह के अंदर सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिये जाने के बाद धरना समाप्त हो गया। भाकियू (टिकैत) के कार्यकर्ता सोमवार की सुबह अपनी बिजली समस्याओं को लेकर तहसील अध्यक्ष गुरमेज सिंह उर्फ सोनू विरक के नेतृत्व में विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने पर पहुंचे विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता को बिजली समस्याओं से संबंधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। अधिशासी अभियंता द्वारा सभी समस्याओं का एक सप्ताह के भीतर निस्तारण किए जाने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हो गया। इस मौके पर राजीव चौहान, योगेंद्र डबास, महेश कुमार, सलमान, आदिल, इंतजार शाहबाज, गफ्फार आदि मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी के सम्मुख रखीं अपनी समस्याएं

**हल्दौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की नवनिर्वाचित ब्लॉक कार्यकारिणी हल्दौर की एक महत्वपूर्ण बैठक बीआरसी हल्दौर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष रणजीत सिंह व संचालन ब्लॉक महामंत्री सचिन राजपूत द्वारा किया गया। बैठक उपरांत समस्त नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का परिचय खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती अलका अग्रवाल से कराया गया। इस अवसर पर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं, शैक्षिक गतिविधियों एवं विद्यालयों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती अलका अग्रवाल ने सभी विषयों को गंभीरता एवं सकारात्मकता के साथ सुनते हुए आश्वासन दिया कि शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा, साथ ही शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी बनाने हेतु आपसी सहयोग, समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता पर विशेष बल दिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि समस्त कार्यकारिणी की बैठक प्रत्येक माह बीआरसी पर आयोजित की जाएगी, जिससे शिक्षकों की समस्याओं एवं शैक्षिक विषयों पर नियमित चर्चा एवं समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जिला कार्यकारिणी से जिला संयुक्त मंत्री अल्फिया अफजाल एवं जिला मंत्री तरुण गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही नवनीत कुमार, डॉ. अतीक दानिश, राहुल कुमार, कंचन कुमार, डॉ. सरस्वती, कुमुद सिसौदिया, रीना चौहान एवं अंजिता रानी आदि पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



## अचानक पेड़ गिरने से स्कूटी पर जा रही शिक्षिका घायल



**नगीना ( चिंगारी )।** अचानक पेड़ गिरने से स्कूटी द्वारा स्कूल पढ़ाने जा रही एक शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने पेड़ के नीचे दबी स्कूटी को बाहर निकालकर शिक्षिका की जान बचाई। करीब एक घंटे बाद राष्ट्रीय राजमार्ग से पेड़ को हटाया गया। शिक्षिका का एक प्राइवेट नर्सिंग होम में उपचार किया गया। नगर के पंजाबी कॉलोनी निवासी सोहन कुमार की पत्नी प्रियंका 40 वर्ष सेंट मैरी स्कूल नगीना में शिक्षिका है। रोजाना की तरह वह आज सुबह करीब सात बजे स्कूटी द्वारा सेंट मेरी स्कूल जा रही थी, जब उनकी स्कूटी रिलायंस मॉल के सामने नगीना-धामपुर मार्ग पर पहुंची तो सड़क किनारे खड़ा एक बड़ा पेड़ अचानक सड़क पर जा गिरा। इस घटना में वह स्कूटी सहित पेड़ के नीचे दब गई। आसपास के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद पेड़ के नीचे से स्कूटी व शिक्षिका को सकुशल बाहर निकाला। इस घटना में शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनका पास के ही एक निजी नर्सिंग होम में उपचार कराया गया।

## नूरपुर के एहतिशाम मलिक ने पावर लिफ्टिंग में मेडल जीता

**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला हज़रत नगर निवासी वेटलिफ्टर एहतिशाम मलिक ने पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में मेडल जीतकर नगर का नाम रोशन किया। नगीना के मंझेड़ा शकरू के फलक फार्म हाउस में रॉयल फिटनेस जिम की ओर से गत रविवार को पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



प्रतियोगिता में जनपद भर के करीब 55 पहलवानों ने भाग लिया। फाइनल राउंड में नूरपुर निवासी पहलवान एहतिशाम मलिक ने 72 किलोग्राम वजन की प्रतियोगिता में सबको पछाड़कर मेडल जीतकर नगर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के आयोजक राजन व सचिव मौहम्मद मारूफ की ओर से विजेता को एक मेडल, 4 हजार की नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। मेडल जीतकर नूरपुर पहुंचे एहतिशाम मलिक का नगरवासियों ने स्वागत किया। एहतिशाम मलिक के पिता अबरार मलिक व अफ्सार ठेकेदार ने स्वागत करने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

### सूचना

पहले मेरा नाम LABLI CHAUDHARY था। अब मैंने अपना नाम बदलकर LOVELY CHAUDHARY रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से जाना एवं पहचाना जाये। -LOVELY CHAUDHARY S/O OMKAR SINGH R/O IBRAHIMPUR RAJU NEAR SENT MARRYS SCHOOL NAJIBABAD, POLICE STATION AND TEHSIL, NAJIBABAD, DISTRIC BIJNOR U.P


बिजनौर में खुल गया है

ATHER ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911



# ‘राजा शिवाजी’ के लिए सितारों ने नहीं ली फीस रितेश देशमुख

बॉलीवुड अभिनेता और फिल्मकार रितेश देशमुख ने बताया है कि राजा शिवाजी के लिए सितारों ने फीस नहीं ली है। रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी एक मई को रिलीज़ हुयी है। छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे महान योद्धा को समर्पित यह फिल्म दर्शकों का दिल जीत रही है और सिर्फ तीन दिनों में 33 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर चुकी है। इस बीच रितेश देशमुख ने एक चौकाने वाला खुलासा किया है कि फिल्म के सभी कलाकारों ने इसमें बिना फीस के काम किया। रितेश देशमुख ने कहा, इस मराठी फिल्म को महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा स्क्रीन मिले हैं। हमने महाराज पर जितनी भी किताबें हैं, उन्हें पढ़ा है। उनका इतिहास इतना विशाल है कि उसे एक फिल्म में समेटना आसान नहीं है। हमारा काम था कि हम इस फिल्म को बिना किसी समझौते के पेश करें। सलमान खान मेरे भाई हैं, उन्होंने मेरी दोनों फिल्मों में काम किया है। मैंने इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर साढ़े तीन साल काम किया। इस फिल्म में सभी बड़े कलाकारों ने बिना फीस के काम किया है, सबने महाराज के लिए काम किया है।

## जैकी श्रॉफ स्टारर ‘द ग्रेट ग्रैंड सुपर हीरो’ 29 मई को होगी रिलीज़



बॉलीवुड स्टार जैकी श्रॉफ की फिल्म ‘द ग्रेट ग्रैंड सुपर हीरो’ 29 मई, 2026 को रिलीज़ होगी। ज़ी स्टूडियोज़ और आमदावाद फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत यह फिल्म भारतीय सुपरहीरो जॉनर में एक बिल्कुल नया और भावनात्मक रंग जोड़ती नजर आती है। फिल्म एक ऐसी दुनिया में ले जाती है, जहां कल्पना, मासूमियत और रहस्य मिलकर एक अनोखा सिनेमाई अनुभव रचते हैं। टीज़र में एक बच्चे की कल्पनाओं से भरी दुनिया दिखाई गई है, जहां दादा-पोते का रिश्ता एक अलग ही सुपर हीरो वाले सफर में बदल जाता है।

## कंगना रनौत की फिल्म ‘भारत भाग्य विधाता’ 12 जून को होगी रिलीज़

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म ‘भारत भाग्य विधाता’ 12 जून को रिलीज़ होगी। भारत भाग्य विधाता के निर्माताओं ने फिल्म की थिएट्रिकल रिलीज़ डेट 12 जून 2026 तय कर दी है। इसके साथ ही एक प्रभावशाली पोस्टर भी जारी किया गया है, जो उन लोगों को समर्पित है जिन्होंने शहर पर हमले के दौरान डर के बजाय अपने कर्तव्य को चुना। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह थ्रिलर फिल्म हथियारों और हिंसा से ध्यान हटाकर इंसानियत और दृढ़ संकल्प पर केंद्रित है, खासकर सरकारी अस्पतालों के भीतर, जहां आम लोगों ने असाधारण साहस दिखाया। यह फिल्म अस्पताल के कर्मचारियों नर्स, वार्ड बॉय, सफाई कर्मचारी, लिफ्ट ऑपरेटर, सुरक्षा कर्मी और प्रशासनिक स्टाफ की असाधारण सच्ची कहानी को दर्शाती है।



## प्रियंका सिंह का भोजपुरी लोकगीत ‘सइयां गवइया’ रिलीज

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी गायिका प्रियंका सिंह का नया लोकगीत सइयां गवइया रिलीज हो गया है। यह लोकगीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। इसके वीडियो में नेहा पाठक और राजा बाबू की शानदार परफॉर्मेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत लोकगीत सइयां गवइया के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को प्रियंका सिंह ने गाया है। इस गाने को संजय सनेही ने लिखा है, जबकि विनीत शाह ने संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर विनीत शाह, क्रिएटिव डायरेक्टर तुषार केशरवानी, डीओपी संतोष यादव, कोरियोग्राफर राजा बाबू, एडिटर जेवन जेना और विशाल हैं।





## दिशा पाटनी का एक्शन अवतार ‘द पोर्टल ऑफ़ फ़ोर्स’ का ट्रेलर हुआ रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के पहले इंटरनेशनल प्रोजेक्ट ‘द पोर्टल ऑफ़ फ़ोर्स’ का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। ट्रेलर में दिशा जेसिका के किरदार में नज़र आती हैं, जो इस एपिक सुपर नैचुरल कहानी का इमोशनल और नैरेटिव सेंटर है। कहानी दो प्राचीन गुटों स्टैंटिगाईस वर्सेस होलीगाईस सागा के बीच चल रही जबरदस्त टक्कर पर आधारित है। ‘द पोर्टल ऑफ़ फ़ोर्स’ की पहली फिल्म है, जो एक नये सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरुआत करती है, जिसे लाडो ओखोटनिकोव ने बनाया है। कहानी के मूल में है दो पुरानी ताकतों की भिड़ंत।

# चारधाम यात्रा रिकॉर्ड स्तर पर आगे बढ़ रही: सतपाल महाराज

## पूजा-अर्चना कर की देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना



**रूद्रप्रयाग ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज सोमवार को भगवान केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

मंत्री सतपाल महाराज ने बाबा केदार और भगवान बद्रीविशाल के समक्ष विश्व शांति, मानव कल्याण और वर्तमान वैश्विक संकटों से मुक्ति की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की आध्यात्मिक शक्ति पूरे विश्व को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है और चारधाम यात्रा केवल धार्मिक आस्था का ही नहीं, बल्कि मानवता और संस्कृति के संरक्षण का भी प्रतीक है।

धामों में दर्शन के उपरांत उन्होंने मंदिर परिसर में संचालित पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। उन्होंने यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मीडिया से बातचीत में सतपाल महाराज ने कहा कि इस वर्ष चारधाम यात्रा रिकॉर्ड स्तर पर आगे बढ़ रही है और देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवभूमि पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य, सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और आपदा व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## जम्फर खोलने के लिए खंभे पर चढ़े संविदाकर्मी की मौत

**चांदपुर ( चिंगारी )। आज सुबह जम्फर खोलने के लिए खम्भे पर चढ़े संविदा कर्मी की विद्युत करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मौत की खबर से मृतक के घर में कोहराम मच गया। क्षेत्र के खानपुर खादर निवासी कमल सिंह 26वर्ष पुत्र राजवीर सिंह विद्युत विभाग में संविदा कर्मी था। आज सुबह कमल सिंह 11हजार की लाइन का तार टूटने की खबर सुनकर जम्फर खोलने के लिए हल्ला नंगला गया था। बताया जाता है कि खम्बे पर चढ़कर जम्फर खोलते समय विद्युत आपूर्ति चालू हो जाने से संविदा कर्मी कमल सिंह गम्भीर रूप से झुलस गया, जिसको उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के 6माह की पुत्री है ।**

# सांसद चन्द्रशेखर को ठाकुरद्वारा जाने से रोका

## बाद में सशर्त जाने दिया गया



**धामपुर ( चिंगारी )।** ठाकुरद्वारा में एक दलित परिवार के साथ कथित उत्पीड़न की खबरों के बीच नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को वहां जाने से पुलिस प्रशासन ने रोक दिया। कई घंटे तक पुलिस प्रशासन ने उन्हें हाउस अरेस्ट रखा। समर्थकों तथा आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं में बढ़ते रोष को देखते हुए सांसद चन्द्रशेखर को इस शर्त पर ठाकुरद्वारा जाने दिया गया कि वे संबंधित गांव जाने के बजाये किसी दूसरे स्थान पर पीड़ित परिवार से मिलेंगे।

बताया जा रहा है कि ठाकुरद्वारा क्षेत्र में एक दलित परिवार के साथ उत्पीड़न की घटना हुई है, जिसके बाद सांसद चंद्रशेखर आजाद पीड़ित परिवार से मिलने और हालात का जायजा लेने के लिए जाने वाले थे। लेकिन कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। जिससे माहौल गर्मा गया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्रधिकारी अभय पांडे, कोतवाल मृदुल कुमार तथा स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ सांसद चन्द्रशेखर के आवास पर मौजूद रहे।

उधर, सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, आजाद समाज पार्टी के नेता परवेज पासी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी गौहर इकबाल, सतीश कुमार, शेरबाज पठान, दीपक कुमार, नजीबाबाद चेयरमैन मुअज्जम खां, जिला उपाध्यक्ष फहीम राईन, फिरसत हुसैन सहित काफी संख्या पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत स्तर पर होगा ब्राह्मण विकास समिति का गठन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ब्राह्मण विकास सेवा समिति (पंजी) चांदपुर की बैठक में सदस्यता अभियान चला कर समिति का तहसील व ग्राम पंचायत स्तर पर गठन करने का निर्णय लिया गया। मौहल्ला गोकुल नगर स्थित श्री विष्णु धाम मंदिर में संरक्षक पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र गौड़ की अध्यक्षता एवं समिति के महासचिव एड. नीरज तिवारी के संचालन में आयोजित बैठक में समिति के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समिति के कोषाध्यक्ष डा विनोद कुमार शर्मा ने समिति के आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी ने कहा कि ब्राह्मण समाज के लोगो का उत्पीडन व शोषण किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। बैठक में नन्द कुमार पाण्डेय पूर्व प्रधानाचार्य, विनोद शर्मा, एडवोकेट श्रीमती अर्चना शर्मा , नन्द कुमार शर्मा, संदीप कुमार शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, शिवकुमार शर्मा, शिवा शर्मा, चन्द्रदेव कौशिक, महंत पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी महाराज, बृजेश कौशिक, प्रशांत शर्मा, डॉ. मुनेश चन्द शर्मा आदि मौजूद रहे।

## किशोरी का शव मिला

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आज सुबह ग्राम बमनौला के जंगल में गांव निवासी एक किशोरी का शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि ग्राम बमनौला निवासी 17वर्षीय किशोरी कल शाम से लापता थी। पुलिस के अनुसार किशोरी ने आत्महत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



हवन में शामिल कुंवर निहाल सिंह।

## हवन-यज्ञ के साथ भागवत कथा समाप्त

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर-नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी में चल रहे आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का सामूहिक हवन यज्ञ के साथ समापन हो गया। कॉलोनी के सिद्ध पीठ श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर परिसर में आयोजित सामूहिक हवन यज्ञ के मुख्य यजमान समाजसेवी विकल गुप्ता एवं उनकी पत्नी मोनिका गुप्ता, सार्थक गुप्ता - नव्या गुप्ता आदि के साथ जेके मॉडर्न एकेडमी के डायरेक्टर जितेंद्र चौहान, संजीव त्रिवेदी एवं पूनम त्रिवेदी, कुंवर निहाल सिंह राजपूत एवं शोभा रानी राजपूत, अशोक कुमार सिंह राजपूत एवं लता रानी राजपूत, कुंवर अनिल कुमार सिंह राजपूत एवं रेनू रानी राजपूत कुंवर आशीष कुमार सिंह राजपूत एवं सुप्रिया रानी राजपूत आदि रहे। भागवत कथा वाचक आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ के संरक्षण में संपादित हुए यज्ञ का पूजन पंडित सुमित कुमार वशिष्ठ एवं पंडित अमित कुमार वशिष्ठ ने कराया।

# चारधाम यात्री हो रहे ऑनलाइन ठगी का शिकार

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड में जारी चारधाम यात्रा के दौरान ऑनलाइन ठग गिरोह भी पूरी तरह से सक्रिय है। जिनपर एसटीएफ अपनी नजरे गड़ाए हुए है। चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाने वाले गिरोहों पर उत्तराखंड एसटीएफ ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में सामने आया है कि केदारनाथ हेली सेवा और यात्रा बुकिंग के नाम पर सबसे ज्यादा साइबर ठगी बिहार के नवादा, पटना, गया और बिहारशरीफ जिलों से संचालित गिरोह कर रहे हैं। सबसे ज्यादा फेक आईपी एड्रेस इन्हीं चार जिलों में सक्रिय मिले हैं। एसटीएफ के अनुसार, चारधाम यात्रा शुरू होते ही साइबर अपराधियों ने फर्जी वेबसाइट, सोशल मीडिया पेज और मोबाइल नंबरों के जरिये श्रद्धालुओं को निशाना बनाना शुरू कर दिया था। सबसे अधिक शिकायतें केदारनाथ हेली सेवा की ऑनलाइन बुकिंग को लेकर मिलीं, जहां ठग कम कीमत और तत्काल टिकट उपलब्ध कराने का झांसा देकर लोगों से हजारों रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा रहे। कई मामलों में फर्जी होटल और गेस्ट हाउस बुकिंग के नाम पर भी लोगों से रकम ऐंठी गई।एसटीएफ ने अब तक 200 से अधिक फर्जी वेबसाइट, फेसबुक पेज, इंस्टाग्राम अकाउंट और बुकिंग लिंक बंद कराए हैं। इसके अलावा 50 से अधिक संदिग्ध मोबाइल नंबरों को भी ब्लॉक कराया गया है जिनका इस्तेमाल साइबर ठगी में किया जा रहा था। जांच एजेंसियों का कहना है कि ये गिरोह संगठित तरीके से काम कर रहे थे और सोशल मीडिया विज्ञापनों के जरिए यात्रियों तक पहुंच बना रहे थे।

### “ लगातार मॉनिटरिंग की जा रही

**चारधाम यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। साइबर टीमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, फर्जी ट्रैवल पोर्टल और संदिग्ध ऑनलाइन पेमेंट गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। एसटीएफ एसएसपी अजय सिंह ने यात्रियों से अपील की है कि हेली सेवा, होटल या यात्रा पंजीकरण केवल अधिकृत पोर्टल से ही कराएं। किसी भी अनजान मोबाइल नंबर, सोशल मीडिया लिंक या व्हाट्सएप मैसेज के जरिए भुगतान न करें। उत्तराखंड सरकार ने केदारनाथ हेली सेवा बुकिंग के लिए सिर्फ आईआरसीटीसी को ही अधिकृत किया है। सिर्फ वहीं से टिकट बुक करें। अगर किसी प्रकार की साइबर ठगी होती है तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराएं।**

# दो दिन तक चला अभियान, 54 वाहनों के चालान

## ड्रिंक एंड ड्राइविंग पर शिकंजा

**बिजनौर (चिंगारी)। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जिले में दो दिन तक चले विशेष अभियान के तहत पुलिस ने सख्त कदम उठाया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने 54 वाहन चालकों के चालान किए।**

16 और 17 मई को स्थानीय पुलिस, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) व यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने भनेड़ा टोल प्लाजा और पुरैनी टोल प्लाजा पर अभियान चलाया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की विशेष जांच की गई। अभियान के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइविंग करते पाए गए 54 वाहन चालकों के चालान किए गए। इसके अलावा ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की गई।

### मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न पर सख्ती

अभियान में तेज आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने 28 दोपहिया वाहनों के मॉडिफाइड साइलेंसर के चालान किए, जबकि 29 वाहनों में लगे प्रेशर हॉर्न के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

### बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट वाले वाहन भी पकड़े गए

जांच के दौरान कई वाहन बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के भी पाए गए। नियमों की अनदेखी करने वाले 45 वाहनों के चालान किये गये। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने वाहन स्वामियों से जल्द से जल्द एसएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने की अपील की।

### पुलिस की लोगों से अपील

**सीओ यातायात राकेश वशिष्ठ व टीएसआई रवि नैन ने अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का नशा करने के बाद वाहन न चलाएं। साथ ही वाहन में अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और बिना मानक नंबर प्लेट का प्रयोग न करें। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।**

# एसओजी व सर्विलांस टीम भी लगी है महिला के कुंडल खींचकर फ़रार व्यक्ति की तलाश में

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** एक सप्ताह पूर्व थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम भटपुरा में रात्रि में घेर में अपने पति की चारपाई के पास चारपाई डाले मच्छरदानी लगाकर सो रही वृद्ध महिला इंद्रवती के कुंडल खींचकर फरार हुए व्यक्ति की तलाश में रेहड़ पुलिस के साथ-साथ एसओजी एवं सर्विलांस टीम भी क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं। गत 12 मई की रात्रि को अज्ञात व्यक्ति दिग्विजय सिंह के घेर में घुसा और लगभग 12:30 बजे मच्छरदानी काटकर उसकी पत्नी इन्द्रवती के कान के कुंडल खींचकर ले गया। थाना प्रभारी रेहड़ राजीव कुमार वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) अमित किशोर श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे थे। इंद्रवती के पुत्र अनिल कुमार की तहरीर पर रेहड़ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और तभी से रेहड़ पुलिस घटना के खुलासे को प्रयासरत है। घटना के शीघ्र और सही खुलासे को लेकर एसओजी व सर्विलांस टीम को भी लगाया गया है।

# शीघ्र होगा प्रेस क्लब का चुनाव



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। आदर्श प्रेस क्लब की बैठक में संगठन की मजबूती सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के साथ-साथ कई कार्यक्रमों के आयोजन पर भी विचार-विमर्श किया गया और उन्हें अंतिम रूप देने के उद्देश्य से आगामी रविवार को संगठन की विशेष बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष एसएम असलम ने कहा कि अतिशीघ्र संगठन का चुनाव कराया जाएगा, जिसके लिए नये साथियों को संगठन से जोड़ने हेतु सदस्यता अभियान भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि हिंदी पत्रकारिता दिवस के आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है, जबकि एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी प्रस्तावित है। बैठक में डॉ. एएच साबरी, फिरोज बेग, राजेन्द्र चौहान, शाहिद अली एड, गौरव गुप्ता व सरदार विक्रम सिंह आदि पत्रकार मौजूद रहे।**

# अवैध खनन पर सख्त हुआ प्रशासन, कई वाहन किये सीज

## पट्टा निरस्तीकरण प्रक्रिया शुरू की

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद में अवैध खनन की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद रविवार को प्रशासन द्वारा सभी तहसीलों में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध खनन, ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन के मामलों में कई स्थानों पर कार्रवाई करते हुए वाहन सीज किए गए तथा पट्टा निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई।

थाना नगीना देहात क्षेत्र के सुंदरवाली में संचालित खनन पट्टा, जो 5 मार्च 2026 से आवंटित है, की जांच में निर्धारित सीमांकन से अधिक खनन पाये जाने पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई। बताया गया कि पूर्व में भी 2001 घन मीटर अतिरिक्त अवैध खनन की रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। अब पट्टा धारक के खिलाफ पट्टा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा दो डंपरों को ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

थाना नहटौर क्षेत्र में अजय पुत्र राजपाल सिंह निवासी नहटौर द्वारा अवैध मिट्टी खनन किए जाने का मामला सामने आया। जांच के दौरान कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई। थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम लाम्बाखेड़ा में मुरादाबाद जनपद के कांठ क्षेत्र से अनुमति लेकर मिट्टी लाई जा रही थी, लेकिन जहां मिट्टी डाली जा रही थी वह कॉलोनी अनुमोदित नहीं पाई गई। इस मामले में मुरादाबाद प्रशासन को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा जा रहा है। वहीं ग्राम मेवा नवादा में अवैध भराव कर तालाब पाटने के प्रयास को भी प्रशासन ने रोकते हुए दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की।

थाना नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी में हाल ही में स्वीकृत खनन पट्टे की भी जांच की गई। प्रशासनिक और पुलिस टीम ने मौके का निरीक्षण किया और खनन गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसके अतिरिक्त मीरपुर दुर्ग क्षेत्र में संचालित खनन कार्यों की भी समीक्षा की गई। रायपुर सादात के निकट शनिवार को अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग में संलिप्त पांच वाहनों के खिलाफ एम-चेक के माध्यम से चालान कर जुर्माना वसूला गया।

# 1 जून को प्रदर्शन करेंगे माकपाई



**चांदपुर (चिंगारी)।** माकपा कार्यकर्ताओं की बैठक में बिजली व अन्य समस्याओं को लेकर आगामी 1 जून को नगर में प्रदर्शन कर विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देने तथा उसके बाद उसी दिन गन्ना समिति कार्यालय पर धरना देने का निर्णय लिया गया। मुहल्ला संतनगर में का अमर सिंह सैनी के आवास पर का बदरूल हसन की अध्यक्षता एवं का ऋषिपाल सिंह के संचालन में आयोजित बैठक में जर्जर विद्युत तारों को बदलवाये जाने, स्मार्ट मीटर न लगाएं जाने, प्राइवेट स्कूलों में की जा रही मनमानी पर अंकुश लगाये जाने, चांदपुर-हल्दौर रोड पर प्राइवेट व रोडवेज बसों का संचालन शुरू किये जाने तथा तहसील में बढ़ते भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाये जाने की मांग की गई। बैठक में रमेश सिंह, खिलत मेंहदी, तुलाराम, दयाराम, का जय सिंह, रामौतार सिंह, महिपाल सिंह, छोटे सिंह, भारत सिंह, जोगेन्दर सिंह, हुकम सिंह, बाबू खान व कुलदीप गुप्ता एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# सोये समाज को जगाने के लिये नगर में आते हैं जैन मुनि

## धर्म सभा में बोले श्री विव्रत सागर

**किरतपुर (चिंगारी)। जैन मुनि कभी भी अपने भक्त या चेले नहीं बनाते हैं, वह तो धर्म की शिक्षा व ज्ञान देकर समाज को धार्मिक क्रियाएं समझाते हैं, जिससे समाज किसी भी मुनि की आवश्यक क्रियाएं आगम के अनुसार आसानी से पूर्ण करा सकें। जैन संत सोये समाज को जगाने के लिए नगर में आते हैं। अज्ञानता के कारण समाज अपने गुरुजनों का सम्मान व सेवा करने से डरता है, उस डर को दूर कर साधु हिम्मत और क्रिया के संबंध में अवगत कराते हैं।**

उपरोक्त विचार 108 श्री विव्रत सागर ने अपने विहार से पूर्व श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर में आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए प्रकट किए। मुनिश्री ने जैन संस्कार के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि आज का युवक अपने धर्मिक संस्कारों एवं क्रियाओं से दूर होता जा रहा है। आज देखने में आता है कि माता-पिता को संतान के होने का





अनुभव तो है, लेकिन संतान का सुख उनके जीवन में नहीं है। आज समय की आवश्यकता है कि पहले मां-बाप को संस्कारित होना पड़ेगा, उसके बाद ही वह संतान को संस्कारवान बना सकेंगे। धर्म सभा में सुरेन्द्र जैन, अनिल जैन, सुनील जैन, अविनाश जैन, रोहित जैन, आकाश जैन, गौरव जैन, नीरज जैन, यतेंद्र जैन, अरविंद जैन, प्रदीप जैन, पारस जैन, ऋषभ जैन, विपिन जैन, आभा जैन, सरिता जैन, अंजलि जैन, नीलम जैन, सोनल जैन, बबीता जैन, प्रियंका जैन, शालिनी जैन, शैली जैन, सविता जैन, मंजू जैन, नैंसी जैन, तनु जैन, गौरव जैन, गुन्नू जैन, सिया जैन सहित पूरा जैन समाज उपस्थित रहा।

**धर्म के विषय पर चर्चा करते हुए श्री विव्रत सागर जी ने कहा कि कलयुग में धर्म रथ के मुनि व श्रावक नाम के दो पहियों पर आधारित होकर चलता रहेगा। मुनि भ्रमण करते रहेंगे और श्रावक मुनि की चर्चा करता रहेगा। श्रावकों को मुनि चेहरे को देखकर नहीं दिगम्बर मुद्रा को देखकर उनकी सेवा भाव करना चाहिए। पुरुषार्थ एवम् भाग्य पर विशेष चर्चा करते हुए मुनि श्री कहते हैं कि पुरुषार्थ एवम् भाग्य जब एक साथ मिलते हैं तब पूर्ण सफलता प्राप्त होती है।**

# खुले में न नमाज होगी, न कुर्बानी - सीओ




**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** स्थानीय थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के संभ्रात लोग जनप्रतिनिधि और धर्मगुरु मौजूद रहे। बैठक में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक कुमार ने शासन-प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए बकरा ईद के त्यौहार को परंपरागत ढंग से मनाने का आह्वान करते हुए कहा कि ईद की नमाज मस्जिद और ईदगाह परिसर में ही पढ़ी जाये। कोई भी कार्यक्रम सड़क या खुले में नहीं होगा। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि कोई भी शख्स प्रतिबंधित पशुओं का वध करने का प्रयास नहीं करेगा। खुले में कुर्बानी करने और संबंधित फोटो, वीडियो वायरल करने से बचें, अन्यथा समस्या पैदा हो सकती है। इस दौरान क्षेत्र के ग्राम प्रधानों से गांव में जेसीबी द्वारा वेस्टेज के दफन हेतु तीन-तीन फीट गड्ढे खुदवाने को कहा गया। थाना प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा जय भगवान सिंह ने अपने संबोधन में सभी से शासन-प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करने को कहा। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री शीशपाल सिंह, देवेंद्र सिंह उर्फ सोनू प्रधान, सुधीर कुमार, प्रधान कर्मेंद्र सिंह, शब्बन प्रधान, शिवचरण सैनी, इब्राहिम, शमीम अहमद, शौकीन सैफी आदि मौजूद रहे।

# जाट समाज पर अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं : एड. आर्यन चौधरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विश्व जाट महासभा के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष एडवोकेट आर्यन चौधरी ने एक बयान जारी कर सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा जाट समाज के खिलाफ कथित रूप से की जा रही गलत बयानबाजी की तीखी आलोचना की है। उन्होंने इस कृत्य को बेहद निंदनीय करार दिया है। एडवोकेट आर्यन चौधरी ने कहा कि किसी भी जाति या समाज के मान-सम्मान के खिलाफ टिप्पणी करना सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को बिगाड़ने का प्रयास है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। जाट समाज ने हमेशा देश की प्रगति और सामाजिक एकता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आर्यन चौधरी ने स्पष्ट किया कि जाट समाज हमेशा आपसी भाईचारे में विश्वास रखता है, लेकिन अपने समाज के सम्मान के खिलाफ होने वाली किसी भी अमर्यादित टिप्पणी का लोकतांत्रिक और कानूनी तरीके से पुरजोर विरोध किया जाएगा।



# शेखान स्ट्राइकर ने जीता बैडमिंटन ख़िताब

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के ऑल सेंट स्कूल में समाजिक संस्था हम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में शेखान स्ट्राइकर ने लुकमान क्लब को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता और उपविजेता टीम को संस्था के पदाधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरित किये गए। बीती रात खेल की शुरुआत में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में स्मैश वेलोसिटी ने रहमान क्लब, अरहम क्लब ने हयात क्लब, लुकमान क्लब ने काजी क्लब और शेखान स्ट्राइकर ने ब्रदर डिस्ट्रक्शन को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इन रोमांचक मुकाबलो में शेखान स्ट्राइकर ने स्मैश वेलोसिटी को 15-12 व 15-11 और लुकमान क्लब ने अरहम क्लब को 15-9 व 15-7 से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। मैच देखने पहुंचे सैकड़ों लोगों के उत्साह वर्धन के बीच दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले को रोमांचक बना दिया। अंत में शेखान स्ट्राइकर ने 21-17 व 21-16 से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। संस्था अध्यक्ष मौ. शादाब, हाजी कमाल, विसाल अहमद एडवोकेट ने विजेता टीम के कप्तान कासिफ अंसारी और उपविजेता मौ. फरहद सहित सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन नदीम इदरीसी ने किया। मौ. शादाब ने कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन लगातार किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर इजहार नबी, नबील अहमद, अब्दुल मुतल्लिब, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद सलाम और मौ. आसिम, मौलाना खुर्शीद अनवर आदि उपस्थित रहे।



# कालागढ़ रेंज में बाघ का शव मिलने से हड़कम्प

**अफ़ज़लगढ़/कालागढ़ ( चिंगारी )।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की कालागढ़ रेंज में सोमवार को गश्त के दौरान एक नर बाघ मृत अवस्था में मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंच गई तथा पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लेकर जांच शुरू कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 मई 2026 को कालागढ़ रेंज के अंतर्गत धारा ब्लॉक की धारा बीट कक्ष संख्या-12 में सुबह करीब 9:10 बजे नियमित गश्त के दौरान वन कर्मियों को धारा स्रोत के सहायक नाले के समीप एक नर बाघ मृत अवस्था में पड़ा मिला। इससे प्रथम दृष्टया मामला शिकार का प्रतीत नहीं हो रहा है, हालांकि विभाग सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गंभीरता से जांच कर रहा है। घटना के बाद पशु चिकित्सकों के पैनल ने वन अधिकारियों, कर्मचारियों तथा एनजीओ प्रतिनिधियों की मौजूदगी में निर्धारित मानकों के अनुसार बाघ के शव का पोस्टमार्टम किया। चिकित्सकों ने मृत नर बाघ की उम्र लगभग 8 से 10 वर्ष आंकी है। पोस्टमार्टम के दौरान आवश्यक आंतरिक अंगों के नमूने एकत्रित कर भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) बरेली एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून भेजे गए हैं, जहां वैज्ञानिक जांच के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।



# लू से बचाव के टिप्स दिये पानी और तरल पदार्थ पियें

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामुदायिक रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 ने ग्राम रामपुर ठकरा में चौपाल लगाकर हीट वेव यानी लू के प्रकोप से बचने के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया।

स्मार्ट एनजीओ द्वारा संचालित 'सेहत सही, लाभ कई' कार्यक्रम के अंतर्गत रेडियो टीम सदस्य मनोज यादव ने ग्रामीणों को बताया कि गर्मी के मौसम में लू का प्रकोप अधिक होता है, जिससे बीमार पड़ने के चांस अधिक हैं। उससे बचाव हेतु समय-समय पर पानी अधिक पियें, तरल पदार्थों जैसे बेल का शरबत, नींबू की शिकंजी, शर्बत आदि का सेवन अधिक करें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे के बीच बाहर धूप में न निकलें, शरीर को निर्जलीकरण से बचाएं, बाहर निकलते समय सिर पर कपड़ा या टोपी का प्रयोग करें, ताजे फलों का सेवन करें। इस अवसर पर रेडियो टीम की ओर से सुनील भारद्वाज, श्यामल मंडल, सारिका चौधरी, मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर चल रहा ट्रेनिंग कैंप

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल एवं भव्य रूप से आयोजित करने के उद्देश्य से बिजनौर में योग मैनेजमेंट ट्रेनिंग कैंप का शुभारंभ किया गया। पंडित जीतमल भारद्वाज ने डॉक्टर नरेंद्र सिंह का तिलक किया। योग शंख ध्वनि के साथ प्रारंभ किया गया। पंडित रामअवतार शर्मा, बरम सिंह, श्रीमती सुनीता, कौशल्या देवी, कृष्ण कुमार, ठाकुर अनंत कुमार, देवेंद्र सिंह चौहान ने योगासन और प्राणायाम किया। यह प्रशिक्षण शिविर शिव मंदिर, देवलोक कॉलोनी, कलेक्ट्रेट के पीछे बिजनौर में 16 मई से प्रतिदिन आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से योगाचार्य, योग प्रशिक्षक एवं योग के प्रति रुचि रखने वाले लोगों को प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित किया गया है। शिविर का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने हेतु योगाचार्यों को प्रशिक्षित करना तथा आमजन में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के आयोजक देवेंद्र सिंह, प्रबंधक एवं संरक्षक, योग प्रशिक्षण इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन इकाई जनपद बिजनौर ने सभी योगाचार्यों एवं योग प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है। योगाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं आत्मविश्वास भी प्रदान करता है।



# प्रसूता की मौत के बाद निजी अस्पताल पर सवाल?

**स्योहारा ( चिंगारी )**। क्षेत्र में प्रसव के बाद हुई महिला की मौत के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। परिजनों के हंगामे और लापरवाही के आरोपों के बीच अब उस चिकित्सक की योग्यता और डिग्री को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं, जिसने महिला का उपचार किया था। मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जांच की बात कही है। ग्राम अलादीनपुर निवासी 23 वर्षीय मोनिका पत्नी अरविंद को 14 मई को प्रसव पीड़ा होने पर स्योहारा के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। यहां महिला की डिलीवरी कराई गई, लेकिन बाद में उसकी हालत बिगड़ती चली गई। परिजनों के अनुसार महिला को तेज दर्द और सूजन की शिकायत होने लगी थी। हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान 18 मई की सुबह उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने स्योहारा पहुंचकर नर्सिंग होम के बाहर जमकर हंगामा किया और चिकित्सकों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। इसी बीच क्षेत्र में चर्चा शुरू हो गई कि उपचार करने वाले कथित सर्जन के पास संबंधित डिग्री और वैध अनुमति है या नहीं। लोगों का कहना है कि कई निजी अस्पतालों में नियमों के विपरीत इलाज किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय हो गया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





डॉक्टर की योग्यता की भी होगी जांच

## अस्पताल सीज हुआ तो दूसरी जगह खोल दिया

**स्योहारा ( चिंगारी )**। लापरवाही बरतने वाला अस्पताल पहले आर एस पी इंटर कॉलेज रोड पर था । उस समय एक महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कार्यवाही करते हुए अस्पताल को सीज कर दिया था जिसके बाद उक्त चिकित्सक द्वारा दूसरा अस्पताल स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से गैस एजेंसी के पास खोला गया है। नोडल अधिकारी के के राहुल का कहना है कि यह अस्पताल हमारे रिकॉर्ड मे रजिस्टर्ड है। बीते दिन की घटना की जांच कर कार्यवाही की जाएगी। नगर मे कोई भी अस्पताल अवैध रूप से संचालित नही है ।

## सीएमओ ने जांच कराने की बात कही

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र राणा ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता, फर्जी डिग्री या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# केवल व्यवसाय नहीं है दवा व्यापार, हम 20 मई को खोलेंगे बाजार

**बिजनौर ( चिंगारी )**। जिला कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन जनपद बिजनौर के पदाधिकारियों ने डीएम से मिलकर 20 मई को बाजार खोलने का सहमति पत्र दिया। संगठन का मानना है कि दवा व्यापार केवल व्यवसाय नहीं बल्कि समाजसेवा और जनजीवन से जुड़ा एक पुण्य कार्य है हमारे द्वारा दी जाने वाली दवाएं गम्भीर मरीजों और आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षण का कार्य करती हैं। दवा की अनुपलब्धता मरीजों की मौत का कारण बन सकती है, इसलिए दवा बाजार का खुला रहना जनता के स्वास्थ्य सुविधा और हित में अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने संगठन के प्रयास को जनहित में बताया और संगठन की सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि हम औषधि विभाग को निर्देशित करेंगे कि जनहित में मरीजों के लिए दवाओं की सर्वसुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करें। यदि इसमें कोई बाधा डालने का प्रयास करेगा तो कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी से वार्ता में कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजकुमार गोयल, जिला महामंत्री अश्विनी शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सचिन शर्मा, जिला संगठन मंत्री सलिल विद्यार्थी, बिजनौर नगर अध्यक्ष संजीव चौधरी, महामंत्री मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष, डॉ. अशरफ मेहताब, मंत्री राकेश रस्तौगी, मंडावली अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, हल्दौर अध्यक्ष संजीव रस्तौगी, चांदपुर अध्यक्ष गौहर अली, चांदपुर सचिव आमिर, बिजनौर के अरविंद ठाकुर, विनीत चौधरी, राहुल ठाकुर, निखिल गुप्ता, वरीश अहमद, विशाल अग्रवाल, रचित राठी एवं अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।



## सत्संग के दौरान धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस

# चार महिलाओं का शांतिभंग में चालान

**स्योहारा ( चिंगारी )**। आर्थिक तंगी और बेटे की बीमारी को लेकर ग्राम माघपुर उदयचंद में कराए गये सत्संग में धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार महिलाओं को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गांव निवासी खुर्शीदा पत्नी इरशाद अहमद ने अपने बीमार बेटे और घर की आर्थिक तंगी से परेशान होकर घर पर सत्संग कराया था। इसी दौरान किसी युवक ने पुलिस को धर्म परिवर्तन कराने की सूचना दी थी। बताया जा रहा है कि खुर्शीदा का बेटा लंबे समय से बीमार चल रहा है और परिवार आर्थिक तंगी से भी जूझ रहा है। बताया गया कि किसी परिचित ने उसे सलाह दी थी कि यदि वह अपने घर पर परमपिता परमेश्वर का सत्संग कराएगी तो परिवार की परेशानियां दूर हो सकती हैं। इसके बाद कुछ अनुसूचित जाति समाज की महिलाएं उसके घर पहुंचीं और धार्मिक सत्संग करने लगीं। इसी बीच किसी मुस्लिम युवक ने पुलिस को फोन कर घर में धर्म परिवर्तन कराने की सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने मौके पर मौजूद महिलाओं को पूछताछ के लिए थाने ले आई। घटना की खबर फैलते ही गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं और मौके पर लोगों की भीड़ भी जुट गई। पुलिस जांच के बाद सविता पत्नी तेजपाल निवासी ग्राम श्यामाबाद स्योहारा, शोभा पुत्री उपेंद्र निवासी ग्राम जैतरा धामपुर, बाला पत्नी आनंद निवासी ग्राम झिल्ला स्योहारा तथा रीना पत्नी रंजीत निवासी कांठ मुरादाबाद का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया। थाना प्रभारी संजय कुमार का कहना है कि मामले की जांच की गई है। धर्म परिवर्तन कराने जैसी कोई बात नहीं थी। ना ही कोई ऐसी किताब आदि मिली हैं। फिलहाल शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कार्रवाई की गई है।

# डा. अमरीश सैनी को सम्मानित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )**। महात्मा ज्योतिबा फुले वेलफेयर सोसाइटी बिजनौर की ओर से ज्ञान, शोध और समाज सेवा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाले डॉ. अमरीश सैनी को सम्मानित किया गया। डॉ. अमरीश सैनी ने सहारनपुर की शिवालिक पहाड़ियों में कई वर्षों के अथक शोध एवं मेहनत के बाद 'कोलेस्ट्रेला फ्यूसीफेरा' नामक सूक्ष्म शैवाल की नई प्रजाति की खोज कर विज्ञान जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। डॉ. अमरीश सैनी की यह उपलब्धि न केवल बिजनौर बल्कि पूरे सैनी समाज के लिए गर्व का विषय है। सोसाइटी के कार्यालय दयाल कुंज में प्रधान कल्याण सिंह की अध्यक्षता एवं मास्टर अनिल सैनी के कुशल संचालन में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में कल्याण सिंह सैनी, मा. राजपाल सिंह सैनी, धर्मवीर सैनी, सूरजमल सैनी, डॉ शिवराज सैनी, सरिता सैनी, देशपाल सैनी, ललित सैनी, मुनेश सैनी, मोहित सैनी, देवेंद्र सैनी, ओमवती सैनी, कपिल सैनी, अनिल कुमार सैनी आदि उपस्थित रहे।



# वार्ता रही बेनतीजा, किसानों का धरना जारी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। जेई हर्ष शर्मा प्रकरण में किसानों एवं एसडीओ के बीच सोमवार की अपराह्न हुई वार्ता बेनतीजा रही। किसान जेई के तुरंत स्थानांतरण की मांग पर अड़े हुए हैं। जेई हर्ष शर्मा पर किसान नेता से अभद्रता का आरोप लगाते हुए किसान मानियावाला बिजली घर पर शनिवार से अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। सोमवार की अपराह्न एसडीओ भिक्कावाला अमित कुमार किसानों के बीच धरना स्थल पर पहुंचे। ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान के नेतृत्व में किसानों ने जेई हर्ष शर्मा के व्यवहार पर सख्त नाराजगी जाहिर की और उसके तुरंत ट्रांसफर की मांग करने लगे। हालांकि एसडीओ के साथ मौजूद जेई हर्ष शर्मा ने किसानों के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए उनका खंडन किया। वार्ता के दौरान एसडीओ अमित कुमार ने किसानों को उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया मगर किसान टस से मस नहीं हुए। वार्ता बेनतीजा रहने पर एसडीओ व जेई मौके से चले गए, जबकि किसान धरने पर डटे हुए हैं। इस दौरान एसडीओ अफजलगढ़ ऋषिकांत गौंड भी मौजूद रहे जिनके सम्मुख किसानों ने जेई अफजलगढ़ सर्वेश कुमार पर भी हठधर्मिता का आरोप लगाया और उसके खिलाफ भी कार्यवाही की मांग की। इस दौरान धरने पर रमेश चंद्र शेखावत, देवेंद्र कौशिक, राणा सैनी, युसूफ कुरैशी, रवैल सिंह, महिपाल सिंह, जसवीर सिंह, संगठन की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उपमा चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष ललिता चौहान, पुष्पा देवी, कुलवंत सिंह, विपुल कुमार, सौरभ शर्मा, मौ. अशरफ, शरीफ अहमद, अवतार सिंह, फहीम कुरैशी, बाबा आत्माराम, ईश्वर सिंह, चंद्रवीर सिंह, इकरार अहमद, रेशम सिंह आदि अनेक किसान मौजूद रहे।


एसडीओ की मौजूदगी में अपना पक्ष रखते जेई हर्ष शर्मा।

# नजीबाबाद आगमन पर जैन मुनि का स्वागत किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। मुनि श्री 1008 विव्रत सागर जी महाराज व मुनि श्री 1008 विश्वार्थ सागर जी महाराज का नजीबाबाद आगमन पर श्री दिगम्बर जैन मन्दिर कमेटी के सदस्यों द्वारा विहार कराकर मन्दिर जी पहुंचने पर पद प्रक्षालन व आरती कर स्वागत किया गया। महाराज श्री ने सभी को मंगल आशीर्वाद दिया। विहार के समय नहटौर जैन समाज व किरतपुर जैन समाज का सहयोग रहा। मोचीपुरा से सुबह 5:15 बजे विहार कर 7 बजे मंदिर जी पहुंचे मूलनायक भगवान श्री चंदा प्रभु की वेदी पर प्रक्षाल व शान्ति धारा कर श्री मंदिर में विश्राम कर आहर आहारचार्य के लिए शारदा जैन परिवार को आहार करने करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रधान दीपक जैन, मंत्री नीरज जैन, भंडारी पुनीत जैन, राहुल जैन, धीरज जैन, राजीव जैन, शास्त्री दिवाकर जैन, रुक्मणी जैन, चुमकी जैन, स्नेहलता जैन, वंदना जैन, शारदा जैन, सरला जैन, पूनम जैन, गोरी जैन सभी का सहयोग रहा। आज मुनि श्री का आहार कराने का सौभग्य पुनीत जैन, गौरी जैन परिवार को मिला। जैन समाज की श्राविकाओ के सहयोग से श्री महाराज जी का आहरचरया विधिन पूण हुई।



# नेपाल से साइकिल यात्रा पर निकली यमुना ढाकल दे रही है पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नेपाल से 8 फरवरी को साइकिल से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने भारत की यात्रा पर निकली पर्यावरण प्रेमी यमुना ढाकल ने सोमवार को साहनपुर स्थित राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज में पौधारोपण किया। यमुना ढाकल ने बताया कि वह 8 फरवरी को साइकिल द्वारा नेपाल के लुंबनी से गोरखपुर, लखनऊ, अयोध्या, मथुरा, चंडीगढ़, लुधियाना, अमृतसर, सहारनपुर, हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून, केदारनाथ, बद्रीनाथ की यात्रा करते हुए नजीबाबाद पहुंची हैं इसके बाद वे मुरादाबाद, रामपुर, बरेली होते हुए नेपाल वापस पहुंचकर अपनी साइकिल यात्रा का समापन करेंगी। उनकी साइकिल यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनको संरक्षण करने पर जोर दिया। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने यमुना ढाकल को बुके देकर स्वागत किया। ढाकल के साथ पौधारोपण में नजीबाबाद वन प्रभाग के रेंजर रामकुमार, डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह, पूर्व नौसैनिक रविंद्र काकरान, अरुण दीक्षित, योगाचार्य अरुण राजपूत भी मौजूद रहे। सबने मिलकर विद्यालय में अमरूद, सिल्वर ओक, बरगद, बढहल के पौधे रोपित किए गए।



# व्यापारियों ने बिलिंकिट कम्पनी के व्यापार के विरोध में ज्ञापन दिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के बैनर तले नगर के जागरूक व्यापारियों ने बिलिंकिट की नीतियों व कार्यप्रणाली के विरोध में तहसील पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। नगर के व्यापारी कल्लूगंज में त्रिमोहन पान वाले की दुकान के समीप गोकुल मार्केट में एकत्र हुये। वहां से व्यापारियों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नजीबाबाद के जागरूक नागरिक बिलिंकिट द्वारा अपनाई जा रही वर्तमान नीतियों की वजह से छोटे व मध्यम वर्गीय व्यापारियों के व्यापार प्रभावित होने से काफी चिंतिंत है। नजीबाबाद नगरपालिका काफी कम आबादी का क्षेत्र है, इतनी बड़ी कम्पनी छोटे शहर में व्यापार करेगी तो छोटे व्यापारी उनका मुकाबला कॉम्पटीशन नहीं कर पाएगा। जिससे छोटे व्यापारियों का रोजगार प्रभावित होगा तथा व्यापारी की आमदनी पर फर्क पड़ेगा। नजीबाबाद में पहले से ही काफी बड़ी कम्पनियों ने अपने यहां शोरूम खोल रखे है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कम्पनियों को बड़े शहरों तक ही सीमित रखना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में व्यापारी सुरक्षा फोरम के वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल, नकुल अग्रवाल, प्रदीप डेजी, उमापति गर्ग, मुकेश जिंदल, अर्पित मेहरा, कमल बंधु, सरदार हरमिंदर सिंह, लवी अग्रवाल, नीरज सिंघल, अनुज अग्रवाल, सरदार हरेंद्र सिंह, अनिल अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, सिंकदर खान, फखरे आलम, जावेद जैदी, अंकुर अग्रवाल, अपूर्व गुप्ता, अशोक, ब्रजेश चंद, अनीस किराना, रामगोपाल, उस्मान अली, मौ. शहजाद आदि शामिल रहे।



# महिलाएं परिवार की जिम्मेदारियों को सर्वोपरि रखते हुए सेवा के लिए वक्त निकालें: गुप्ता

नजीबाबाद (चिंगारी)। इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में नगर के एक रेस्टोरेंट में प्रोजेक्ट चेयरमैन रश्मि अग्रवाल के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विजिट का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि इनरव्हील क्लब महिलाओ की ऐसी संस्था है, जिसका उद्देश्य सेवा व मैत्री है। पिछले 48 वर्षों से क्लब अनवरत सेवा कार्यों को कर रहा है। रमा अग्रवाल के संचालन मे आयोजित कार्यक्रम का क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन शालिनी गुप्ता ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष नीरू तागरा व सचिव मनीषा ने डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन शालिनी गुप्ता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह से हम रिश्तों को निभाते हुए अपने परिवार को चलाते हैं, इसी तरह से क्लब से जुड़े रहकर अपनी सेवा का कार्य जारी रखे। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन ने कहा कि नजीबाबाद क्लब से उनकी पुरानी यादें जुड़ी है। नजीबाबाद क्लब हमेशा उनके जेहन में रहा है। उन्होंने क्लब से जुड़ी महिलाओं से कहा कि क्लब की साख कम न होने दें। महिलाएं अपनी हेल्थ का ध्यान रखें, अगर वह हेल्थी है तो सब कुछ कर सकती है। घर परिवार की जिम्मेदारियों को सर्वोपरि रखते हुए सेवा के लिए वक्त निकालें। उन्होंने कहा कि महिलाओं में सहनशीलता जरूरी है। क्लब की ओर से एक निर्धन कन्या की शादी में सभी सामान दिया गया। अध्यक्ष नीरु तागरा ने वर्षभर के काम का ब्यौरा पेश किया। अरुणा मित्तल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। उमा रानी ने डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन शालिनी गुप्ता का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। फाउंडर मेंबर उमा मित्तल, सुदेश गुप्ता, इन्दू गुप्ता ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि सेवा ही सच्ची ईश्वर प्रार्थना है। इस अवसर पर सपना अग्रवाल, नीलू अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, गीतिका, पुष्पा पाठक, ममता तायल, मीरा मित्तल, अन्जु मेहरा, सीमा कपूर, अरुणा, रजनी तागरा, रूपम अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, उमा अग्रवाल अग्रवाल उपस्थित रही।



# निजी विद्यालयों की कथित अवैध वसूली पर अभिभावकों ने किया प्रदर्शन

## डीएम को दिया ज्ञापन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले में ब्रिजी विद्यालयों द्वारा कथित अवैध फीस वसूली और विभिन्न मदों के नाम पर अतिरिक्त शुल्क लेने के विरोध में बिजनौर अभिभावक संघ ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि निजी स्कूलों द्वारा हर वर्ष नियमों के विपरीत फीस में वृद्धि की जा रही है, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। अभिभावक संघ ने कहा कि कई स्कूल फीस के अलावा अन्य मदों के नाम पर भी मोटी रकम वसूल रहे हैं। साथ ही विद्यालयों में संचालित बुक सेंटरों पर मनमाने तरीके से पुस्तकें और अन्य सामग्री खरीदने का दबाव बनाया जाता है। आरोप है कि कई बार अनावश्यक सामग्री भी अभिभावकों को लेने के लिए बाध्य किया जाता है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि विद्यालय हर वर्ष पाठ्यक्रम बदलने के नाम पर नई किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव बनाते हैं, जबकि अधिकांश विषयों का पाठ्यक्रम पहले जैसा ही रहता है। अभिभावकों ने जिलाधिकारी से जांच करा कर उचित कार्रवाई किए जाने और अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में निपेंद्र देशवाल, देवेंद्र कुमार, मोहित चौधरी, अक्षय कुमार, राखी, प्रीति, फातिमा, सोनम, मीनू रानी, अंशु रानी, बबली, उषा देवी आदि अभिभावक मौजूद रहे।

# विकास अग्रवाल बने आईआईए की केंद्रीय समिति के सदस्य

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के प्रतिष्ठित उद्यमी विकास कुमार अग्रवाल आईआईए (इंडियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन) की केंद्रीय कार्यकारी समिति के निर्विरोध सदस्य निर्वाचित हुये हैं। चुनाव अधिकारी अजय गुप्ता के अनुसार विकास अग्रवाल का कार्यकाल तीन वर्षों के लिये है। उन्होंने कहा कि विकास अग्रवाल आईआईए के नियमों, सिद्धांतों का पालन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयां प्रदान करेंगे। विकास अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि वे सभी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे। विकास अग्रवाल के केंद्रीय कार्यकारी समिति में चुने जाने से आईआईए के सदस्यों तथा उद्योग जगत में हर्ष व्याप्त है। आईआईए बिजनौर चैप्टर के चेयरमैन अवनीश अग्रवाल, सचिव दीपक अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल ने इसे विकास अग्रवाल के दूरदर्शी नेतृत्व, समर्पण व प्रतिबद्धता की भावना का पुरस्कार बताया है। मालूम हो कि विकास कुमार अग्रवाल वर्तमान में आईआईए मुरादाबाद के डिवीजनल चेयरमैन के पद पर थे।



# कांग्रेसियों ने बैलगाड़ी पर किया प्रदर्शन

## महंगाई के ख़िलाफ़ फूंका भाजपा सरकार का पुतला



बैलगाड़ियों पर सवार आक्रोशित कांग्रेसी।

**जसपुर ( चिंगारी )।** बढ़ती महंगाई और ईंधन की आसमान छूती कीमतों के खिलाफ तेवर कड़े करते हुए विधायक आदेश चौहान के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ जनता का आक्रोश जताने के लिए विधायक अपने समर्थकों के साथ बैलगाड़ी लेकर सड़कों पर उतरे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा सरकार का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया।

सोमवार की सुबह विधायक आदेश चौहान समेत सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता गांधी पार्क पर एकत्रित हुए। यहां से कांग्रेसियों ने बैलगाड़ियों पर बाइक एवं गैस सिलेंडर रखकर देश में बढ़ रही महंगाई और पेपर लीक के विरोध में जुलूस निकाला। महंगाई के खिलाफ लिखी तख्तियां और पुतला लेकर कांग्रेसी जुलूस में शामिल हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से होकर सुभाष चौक पहुंचा। यहां प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार का पुतला फूंका। विधायक आदेश चौहान ने कहा कि आज देश और प्रदेश में महंगाई इस कदर बढ़ चुकी है कि आम आदमी का जीना मुहाल हो गया है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बजट से बाहर हो चुके हैं। घरेलू गैस सिलेंडर और खाद्य पदार्थों की कीमतें लगातार बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित है। केंद्र सरकार की देश विरोधी नीतियों के कारण महंगाई के साथ-साथ बाजार में मंदी है और युवाओं के पास रोजगार के साधन नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के राज में गाड़ियां चलाना अब आम इंसान के बस की बात नहीं रही। सरकार ने जनता को वापस बैलगाड़ी के युग में धकेल दिया है। कहा कि पेपर लीक कर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र गहलौत, नगर अध्यक्ष मो नाजिम, गजेंद्र सिंह, मोइनुद्दीन, दारा सिंह, नासिर, राहुल बंटी, खेम सिंह, सर्वेश चौहान, राहुल आदि मौजूद रहे।

# इंकाइयों ने पेपर लीक व महंगाई का मुद्दा उठाया

## भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार का पुतला जलाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी यमकेश्वर की ब्लाक अध्यक्ष अनिल रतूड़ी की अध्यक्षता में विथ्याणी में आयोजित बैठक में कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं 2027 के विधान सभा चुनावों को देखते हुए चुनावी रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। तत्पश्चात कांग्रेसियों ने डीजल, पेट्रोल के दाम व महंगाई बढ़ने और महिला अत्याचारों की बढ़ती घटनाओं के विरोध में भाजपा की केन्द्र एवं प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। बैठक में कहा गया कि संगठन की मजबूती को लेकर बीएलओ पार्टी एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करेंगे। शीघ्र ही ब्लाकों में विधान सभा की बूथ कमेटियों के गठन का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। साथ ही ब्लाक कार्यकारिणी का गठन पर विचार विमर्श, ब्लाक में प्रकोष्ठों के गठन की प्रक्रिया भी आरंभ की जायेगी। आनुषंगिक संगठन महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, सेवादल, आदि के गठन के साथ चुनावी सक्रियता सुनिश्चित की जाएगी। सभी प्रस्तावों को अमली जामा पहनाने और कार्य को धरातल पर उतारने के लिए भी सभी कांग्रेस जनों को एकजुट होकर सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात कांग्रेसियों ने प्रदेश में बढ़ते पेपर लीक पर सरकार की नाकामी, बढ़ती महंगाई, प्रदेश में बढ़ते महिला अत्याचारों व लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए प्रदेश एवं केन्द्र सरकार का पुतला दहन किया।

पुतला दहन में पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, दुगड्डा ब्लाक अध्यक्ष राजीव जखमोला, सुबेग जोशी, बसंती देवी, बासुदेव बडोला, जगदंबा प्रसाद, किशोर कुमार, भूपेंद्र सिंह, सुनील कुमार, सत्यपाल सिंह, गुलाब सिंह, महेंद्र सिंह और मदन सिंह नेगी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# श्री विश्वनाथ मां जगदीशिला की नगर में निकाली शोभायात्रा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री विश्वनाथ माँ जगदीशिला डोली यात्रा पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी के नेतृत्व में कोटद्वार पहुंची। इस अवसर पर भक्तों ने नगर में शोभायात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। डोली यात्रा नगर भ्रमण करते हुए सिद्धबली मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने दर्शन कर डोली का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में डोली के विश्राम के दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि यह यात्रा हमारी आस्था, संस्कृति और लोक परंपराओं का प्रतीक है, जिसे वर्षों से श्रद्धा एवं भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है। डोली का आशीर्वाद प्राप्त करने वालों में श्रद्धालुओं के साथ ही उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल व पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी भी शामिल रहे।

# अधिकारियों से कई बार लगाई गुहार

## फिर भी पानी को तरस रहे 12 परिवार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में हर घर जल और बुनियादी सुविधाओं के दावों के बावजूद झंडीचौड़ पूर्वी के करीब 12 परिवार पानी के लिए तरस रहे हैं। हालत यह है कि प्रभावितों द्वारा जनप्रतिनिधियों और जल संस्थान के अधिकारियों से कई बार गुहार लगाने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय निवासी मनोहर घिल्डियाल, लक्ष्मी देवी, गुड्डी देवी, संदीप भारद्वाज, नरेंद्र सिंह नेगी, कमलेश घिल्डियाल व विमला देवी ने बताया कि निरंकारी भवन हल्दूखाता से जीतलाल आईटीआई संपर्क मार्ग पर करीब 12 परिवारों को पानी का कनेक्शन अभी तक नहीं मिल पाया है। जहां एक ओर प्रदेश सरकार हर घर नल, हर घर जल योजना का दावा कर रही है, वहीं झंडीचौड़ पूर्वी में करीब 12 परिवार पानी को तरस रहे हैं। कुछ परिवारों को मकान बनाए हुए करीब चार से पांच वर्ष हो गए हैं पर अभी तक उन्हें पानी का कनेक्शन नहीं मिला है। लोग अपना पैसा खर्च कर टैंकर से पानी मंगवाने के लिए मजबूर हैं। जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों को समस्या बताने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासनिक उदासीनता से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। लोगों ने चेताया है कि यदि शीघ्र पेयजल आपूर्ति नहीं हुई तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे।

# घरों में सप्लाई हो रहा दूषित पानी

## वार्डवासियों को उठानी पड़ रही परेशानी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जहां एक ओर कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत झंडीचौड़ निवासियों को पेयजल कनेक्शन नहीं मिल पाये हैं, वहीं दूसरी ओर बालासौड़ क्षेत्र में गंदे पानी की सप्लाई से वार्डवासियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बीते कई दिनों से इलाके के अधिकांश घरों में दूषित पानी पहुंच रहा है, जिससे लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। कई परिवार पीने के लिए बाजार से पानी खरीदने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी संजय गौड़, अनिल कुमार, मनोज कुमार,गीताराम गौड़ व माहेश्वरी देवी ने बताया कि कई बार नलों से आने वाला पानी इतना खराब होता है कि उसका उपयोग दैनिक कार्यों में भी नहीं किया जा सकता। लोगों का कहना है कि क्षेत्र की पुरानी पाइप लाइन जगह-जगह से क्षतिग्रस्त और लीकेज है, जिसके कारण गंदगी पानी की सप्लाई में मिल रहा है। बताया कि नई पेयजल लाइन बिछाने की मांग को लेकर कई बार जल संस्थान और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। दूषित पानी की वजह से बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है। चेतावनी दी कि इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई न होने पर आंदोलन किया जायेगा।

# प्रेस वार्ता में बोले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल

## चुनाव होते ही जनता पर महंगाई का बोझ दिया डाल


कोटद्वार स्थित हिंदू पंचायती धर्मशाला में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने की पत्रकार वार्ता।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनमुद्दों पर विफल रही है। कहा कि जनता महंगाई से परेशान है और प्रदेश सरकार जनता को राहत देने में विफल रही है।

कोटद्वार पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदिया ने झंडा चौक स्थित हिंदू पंचायती धर्मशाला में पत्रकार वार्ता की। इस दौरान केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कुछ प्रदेशों के विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही पेट्रोल एवं डीजल के दामों में वृद्धि कर भाजपा सरकार ने आम जनता पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। लगातार बढ़ती महंगाई से आमजन, व्यापारी, किसान एवं मध्यम वर्ग प्रभावित हो रहा है, जबकि सरकार जनहित के मुद्दों पर गंभीर नहीं दिख रही है। कहा कि प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। अंकिता भंडारी प्रकरण, चंपावत घटना एवं अन्य मामलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि महिला सम्मान और सुरक्षा की बात करने वाली सरकार आज बेटियों को सुरक्षित वातावरण देने में विफल साबित हुई है। अग्निवीर योजना को लेकर उन्होंने कहा कि इस योजना ने सेना में भर्ती होकर देशसेवा का सपना देखने वाले युवाओं की उम्मीदों को प्रभावित किया है। इस अवसर पर मौजूद पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी तथा भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विकास नेगी, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मीना बछवाण, पूर्व अध्यक्ष संजय मित्तल, पूर्व ब्लाक प्रमुख गीता नेगी और महानगर महिला अध्यक्ष सुधा असवाल सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# पश्चिम बंगाल सीएम के पीए हत्याकांड का आरोपी मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार

## सीबीआई ने छपार टोल प्लाजा से दबोचा शार्प शूटर, हरिद्वार से लौटते समय हुई कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर (एजेंसी/चिंगारी)।** पश्चिम बंगाल के चर्चित चंद्रनाथरथ हत्याकांड में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बड़ी सफलता मिली है। हत्या में शामिल बताए जा रहे गैंग के शार्प शूटर राजकुमार सिंह को सीबीआई टीम ने मुजफ्फरनगर के छपार टोल प्लाजा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हरिद्वार से गंगा स्नान कर अपने परिवार के साथ लौट रहा था। अचानक हुई कार्रवाई से टोल प्लाजा पर अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के निजी सहायक (पीए) चंद्रनाथरथ की हत्या के मामले में आरोपी राजकुमार सिंह लंबे समय से फरार चल रहा था। सीबीआई को सूचना मिली थी कि ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर आरोपी अपने परिजनों के साथ हरिद्वार गया हुआ है। इसी सूचना के आधार पर सीबीआई ने गिरफ्तारी की रणनीति तैयार की। सीबीआई के डीएसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने छपार पुलिस के सहयोग से दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे स्थित छपार टोल प्लाजा पर जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी की कार टोल प्लाजा पर पहुंची, टीम ने उसे घेरकर हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजकुमार सिंह पुत्र त्रिभुवन नारायण सिंह निवासी रातोपुर, पोस्ट चिल्काहार, थाना रासरा, जनपद बलिया के रूप में हुई है। जांच एजेंसियों के मुताबिक आरोपी हत्या में शामिल गिरोह का शार्प शूटर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सीबीआई अधिकारियों ने पूरे ऑपरेशन को बेहद गोपनीय तरीके से अंजाम दिया। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई को लेकर पहले से ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई थी। फिलहाल सीबीआई आरोपी से पूछताछ कर हत्याकांड से जुड़े अन्य आरोपियों और नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।



Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
ORIZONE Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

# खतरनाक कुत्तों को मौत का इंजेक्शन दें

## सुप्रीम कोर्ट बोला- लोगों की सुरक्षा जरूरी; जो अफसर निर्देश न माने, उस पर अवमानना का केस चले




**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि खतरनाक और बीमार आवारा कुत्तों को इंजेक्शन लगाकर मारा जा सकता है। लोगों की जान की सुरक्षा बेहद जरूरी है। जो अफसर निर्देश न मानें, उन पर अवमानना का केस चलाया जाए। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गरिमा के साथ जीने के अधिकार में कुत्तों के खतरे से मुक्त होकर रहने का अधिकार भी शामिल है। अदालत ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी को लेकर नवंबर 2025 में दिए गए निर्देशों को वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन जैसे पब्लिक प्लेस से आवारा कुत्तों को हटाने के निर्देश जारी किए थे। कोर्ट ने कहा था कि कुत्तों को शेल्टर होम्स में रखें और उन्हें वापस न छोड़ें।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

Gents Specialist
CLASSIC TAILORS
9927060150
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor